जमीनों के बदले रेलवे में नौकरी घोटाले में ईडी ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की है। इसमें ईडी ने लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार पर रिश्वत के तौर पर जमीनें लेने का आरोप लगाया है।

जनहितैषी

हिन्दी दैनिक

जनहितैषी अब janhitaishinews.com पर भी

R.N.I. No. 64278/96 वर्ष:29 अंक:145 दिनांक:28-09-2024 शनिवार मूल्य : 1 रूपया 50 पैसा पृष्ठ:4 वडोदरा M

भारत और रूस के संयुक्त उद्यम ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड ने फैसला लिया है कि वह अपनी कंपनी में कम से कम 15 फीसदी तकनीकी पदों को अग्नीवीरों के लिए आरक्षित करेंगे।

'लालू परिवार ने रेलवे में नौकरियों के बदले जमीन के जरिए अवैध फायदा उठाया', चार्जशीट में ईडी का दावा

नई दिल्ली : ईडी ने चार्जशीट में लालू प्रसाद यादव पर अपराध की आय को छिपाने के लिए अपने परिवार के सदस्यों और सहयोगियों के साथ मिलकर आपराधिक साजिश रचने का आरोप लगाया। जमीनों के बदले रेलवे में नौकरी घोटाले में ईडी ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ राउज एवेन्यू कोर्ट में विशेष जज विशाल गोगने की अदालत में चार्जशीट दाखिल की है। इसमें ईडी ने लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार पर भारतीय रेलवे में नियुक्तियों के बदले में रिश्वत के तौर पर जमीनें लेने का आरोप लगाया है।

मामले की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को भी तलब किया था। जबकि तेज प्रताप को जांच एजेंसी ने आरोपी के रूप में नामित नहीं किया था। कोर्ट ने कहा कि अदालत को प्रथम दृष्टया और सम्मन के चरण में पता लगा है कि तेज प्रताप यादव भी अपराध की आय के अधिग्रहण और छिपाने में शामिल थे। इसलिए वह भी शिकायत पर सम्मन किए जाने के लिए उत्तरदायी हैं।

कोर्ट ने प्रसाद के छोटे बेटे और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को भी तलब किया। न्यायाधीश ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, उनके दो बेटों और अन्य को सात अक्तूबर को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया। कोर्ट ने इससे पहले बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी और उनकी दो बेटियों मीसा भारती और हेमा यादव को तलब किया था।

वहीं ईडी ने चार्जशीट में लालू प्रसाद यादव पर अपराध की आय को छिपाने के लिए अपने परिवार के सदस्यों और सहयोगियों के साथ मिलकर आपराधिक साजिश रचने का आरोप लगाया। ईडी ने आरोप लगाया है कि उन्होंने जमीनें इस तरीके से लीं, जिससे उनकी भागीदारी सामने न आए और परिवार को लाभ हो सके। जब प्रसाद रेल मंत्री थे तब मुख्य रूप से पटना के महुआ बाग में जमीन मालिकों को रेलवे में नौकरियों के वादे के साथ कम कीमत पर अपनी जमीन बेचने के लिए राजी किया गया था।

ईडी ने कहा कि इनमें से कई जमीनें पहले से ही यादव परिवार के पास मौजूद जमीनों के पास थीं। सात में से छह जमीन के सौदे राबड़ी देवी से जुड़े थे और प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से प्राप्त किए गए थे। जांच से पता चला है कि एके इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य संस्थाएं भूमि अधिग्रहण और जमीन के बदले नौकरी योजना के बीच संबंध को अस्पष्ट करती थीं। एके इंफोसिस्टम्स के स्वामी और सह-अभियुक्त अमित कात्याल ने कीमतीं जमीनें मामूली कीमत पर राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को बेंचीं।

ईडी ने आरोप लगाया कि प्रसाद के सहयोगी भोला यादव ने इसमें मुख्य भूमिका निभाई। उसने यादव परिवार की संपत्ति के पास के भूस्वामियों को रेलवे में नौकरी के बदले में अपनी संपत्ति बेचने के लिए राजी करने की बात स्वीकार की है। इन सौदों से प्रसाद के परिवार को लाभ पहुंचाया गया। इसमें राबड़ी देवी के निजी कर्मचारियों हृदयानंद चौधरी और लल्लन चौधरी जैसे मध्यस्थों के जरिये जमीनों को हस्तांतरित किया गया।

ईडीनेकहाकिकई विचाराधीन संपत्तियों को अक्सर दूर के रिश्तेदारों से उपहार में प्राप्त किया गया। लालू प्रसाद और उनके परिवार ने व्यक्तिगत लाभ प्राप्त करने के लिए अपने प्रभाव और आधिकारिक पदों का इस्तेमाल किया।सरकारी नौकरियों के बदले भूमि के अवैध हस्तांतरण से जुड़ा घोटाला जनताके विश्वास का उल्लंघन और सत्ता कादुरुपयोग है। न्यायाधीश ने आरोपी व्यक्तियोंके खिलाफ पूरक आरोपपत्र पर संज्ञानलेनेकेबाद उन्हें तलब किया है। ईडी ने छह अगस्त को अदालत के समक्ष अंतिम रिपोर्ट दायर की थी। एजेंसी ने सीबीआई द्वारा दर्ज एक एफआईआर के आधार पर मनी लॉड्रिंग कस मामला दर्ज किया था।

देश के कई राज्यों में भारी बारिश, जन-जीवन अस्त-व्यस्त

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश के कई राज्यों में भारी बारिश से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। गुजरात के भावनगर में गुरुवार देर रात ओवरफ्लो मालेश्री नदी में एक बस फंस गई। बस में तमिलनाडु के 27 तीर्थयात्री सहित 29 लोग सवार थे। लोगों को निकालने गया एक ट्रक भी नदी में फंस गया। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने करीब 8 घंटे मशक्कत के बाद सभी का रेस्क्यू किया।

उत्तर प्रदेश में लखनऊ-वाराणसी समेत 10 शहरों में देर रात तेज बारिश हुई। सुल्तानपुर में रेलवे ट्रैक डूब गया। यहां की गलियों में 2 फीट पानी और सुल्तानपुर में घरों में पानी भर गया। नडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को अलर्ट पर रखा गया है। बिहार में गंगा और कोसी नदी के उफान पर होने के कारण कटिहार में बाढ़ जैसे हालात हैं। यहां 57 स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। पटना के हाथीदह में भी गंगा उफान पर है।

ओडिशा के पुरी में तेज बारिश के चलते कोणार्क सूर्य मंदिर का प्रांगण डूब गया। पुरी जिला प्रशासन ने सभी स्कूलों को भी बंद कर दिया है। 24 घंटों में यहां 1.5 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई, भुवनेश्वर में भी 1 इंच बारिश हुई। मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश समेत 8 राज्यों में तेज बारिश का अनुमान जताया है। इनमें से उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और गोवा में रेड अलर्ट है।

ब्रह्मोस एयरोस्पेस में अग्निवीरों को मिलेगा आरक्षण, ऐसा करने वाली पहली प्राइवेट कंपनी

नई दिल्ली : भारत और रूस के संयुक्त उद्यम ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड ने फैसला लिया है कि वह अपनी कंपनी में कम से कम 15 फीसदी तकनीकी पदों को अग्नीवीरों के लिए आरक्षित करेंगे। भारत और रूस के संयुक्त उद्यम ब्रह्मोस एरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड ने अग्रिवीरों को कंपनी में नौकरियां आरक्षित करने का ऐलान किया है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस ने टेक्निकल एंट्रीज में 15 प्रतिशत और प्रशासनिक व सुरक्षा भूमिकाओं में रिक्तियों में 50 प्रतिशत आरक्षण की बात कही है। इसके साथ ही ब्रह्मोस एरोस्पेस अग्रिवीरों को नौकरी में आरक्षण देने वाली पहली प्राइवेट कंपनी बन गई है।

कंपनी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि, ब्रह्मोस एयरोस्पेस भारतीय सशस्त्र बलों की अग्निपथ योजना के तहत नए भर्ती हुए अग्निवीरों को नौकरी में आरक्षण देगी। ये आरक्षण उन पूर्व अग्निवीरों को दिया जाएगा, जिन्होंने सेना में चार साल तक नौकरी की होगी। ब्रह्मोस एयरोस्पेस अपने अलग-अलग क्षेत्रों में कम से कम 15 फीसदी तकनीकी और सामान्य प्रशासन वैकेंसी में अग्निवीरों को भर्ती करेगा।

यही नहीं कंपनी यह भी सुनिश्चित करेगी कि देशभर में अपने अलग-अलग सेंटरों पर आउटसोर्स किए गए सिक्योरिटी और एडमिनिस्ट्रेटिव कामों के लिए कम से कम 50 फीसदी रिक्तियां अग्निवीरों द्वारा भरी जाएंगी। इसके अलावा ब्रह्मोस एयरोस्पेस ने थर्ड-पार्टी कॉन्ट्रेक्ट स्टाफिंग के माध्यम से कम से कम 15ङ्ग रिक्तियों के लिए अग्निवीरों को भर्ती करने की योजना है।

कंपनी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि, युवाओं को चार साल के लिए सशस्त्र बलों में भर्ती करने के लिए शुरू की गई अग्निपथ योजना का उद्देश्य भारतीय सेना की क्षमताओं को आधुनिक बनाना और बढ़ाना है। अग्निवीरों को प्राथमिकता देकर, ब्रह्मोस एयरोस्पेस राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है और साथ ही रक्षा पेशेवरों की अगली पीढ़ी को सशक्त बनाता है।

ब्रह्मोस एयरोस्पेस रक्षा क्षेत्र की पहली अग्रणी कंपनी बन गई है जिसने विभिन्न क्षेत्रों में अग्निवीरों के लिए रिक्तियां आरक्षित करने का ऐलान किया है। यही नहीं कंपनी अपने व्यापार से जुड़े 200 से अधिक उद्योग भागीदारों को अग्निवीरों को अवसर प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। ब्रह्मोस मैनेजमेंट ने अग्निवीरों को आगे के रोजगार अवसरों के साथ इंटीग्रेट करने की योजना बनाई है।

भारत-रूस का संयुक्त उद्यम ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों का उत्पादन करता है। जिन्हें पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों या भूमि प्लेटफार्मों से लॉन्च किया जा सकता है। ब्रह्मोस मिसाइल 2.8 मैक या ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना अधिक गति से उड़ती है। कंपनी की स्थापना 1998 में हुई थी और इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। भारत के पास 70 फीसदी हिस्सेदारी है, जबकि रूस के पास 30 फीसदी कंपनी की हिस्सेदारी है।

जून 2022में सरकार ने तीनों सेनाओं की आयु सीमा को कम करने के उद्देश्य से अग्निपथ भर्ती योजना शुरू की थी। अग्निपथ योजना में 17 से 21 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं को चार साल के लिए भर्ती किए जाने का प्रावधान है। जिसमें 25 प्रतिशत को 15 साल तक बनाए रखने का प्रावधान है। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल इस योजना का लगातार विरोध कर रहे हैं।

चीन से विवाद.....65 से बढ़ाकर 72 प्वाइंट्स पर पेट्रोलिंग करेगी सेना

नई दिल्ली (ईएमएस)। चीन के साथ सीमा विवाद के बीच भारत ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पूर्वी लद्दाख में पेट्रोलिंग प्वाइंट बढ़ा दिए हैं। सेना अब 65 से बढ़ाकर 72 प्वाइंट्स पर पेट्रोलिंग करेगी। एक रिपोर्ट में आधिकारिक सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि विभिन्न स्थानों पर गश्त बढ़ा दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार कठिन मौसम की स्थिति और इलाके के बावजूद भारतीय सुरक्षा बल क्षेत्र पर अपना वर्चस्व सुनिश्चित कर रहे हैं।

पीपी-04 और पीपी-65 के बीच भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच तनाव कम होने के बाद नए पेट्रोलिंग क्षेत्र की पहचान हुई है। हालांकि दोनों देशों के बीच बफर की मौजूदगी के कारण इन नए गश्ती बिंदुओं तक पहुंचना मुश्किल है, लेकिन सूत्रों ने कहा कि प्रभावी गश्त सुनिश्चित करने के लिए मार्ग बनाए गए हैं। 2013-14 से भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच झड़पें और गतिरोध बढ़े हैं। 2020 में लद्दाख में गतिरोध के कारण हिंसक झड़पें हुईं। इसमें एक कर्नल सहित 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे।

रिपोर्ट के मुताबिक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि तब से सुरक्षा बलों को नई तकनीक, ड्रोन, बुनियादी ढांचे, बलों के बीच बेहतर समन्वय और वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (वीवीपी) का उपयोग करके एलएसी के साथ सीमावर्ती गांवों के विकास के लिए केंद्र की हालिया पहल से बेहतर तरीके से सुसज्जित किया गया है।

चीन के साथ 3488 किलोमीटर का बॉर्डर

भारत चीन के साथ 3,488 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। इसमें उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के बीच का मध्य क्षेत्र भारत की तरफ और तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र चीन की तरफ है। जबकि पूर्वी क्षेत्र अरुणाचल, सिक्किम और तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र चीन की तरफ है। लद्दाख चीन के साथ 1,597 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है, उसके बाद अरुणाचल (1,126 किलोमीटर) है।

हेलेन तूफान ने मचाई तबाही

अमेरिका में 1 करोड़ से ज्यादा लोग प्रभावित

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका में हेलेन हरिकेन बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। इससे अब तक कम से कम 4 लोगों की मौत हुई है। ष्टहृह्र के मुताबिक हेलेन ने गुरुवार को फ्लोरिडा में एंट्री की। इस दौरान 225 किमी प्रति घंटा की रफ्तार तक हवाएं चलीं।

तूफान की वजह से फ्लोरिडा और आसपास के राज्यों जॉर्जिया, नॉर्थ कैरोलिना, साउथ कैरोलिना, वर्जीनिया और अलबामा में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। इससे करीब 1 करोड़ 20 लाख लोग प्रभावित हैं। तूफान के दूसरे राज्यों में फैलने की संभावना है जिससे 5 करोड़ लोग प्रभावित हो सकते हैं। तूफान की वजह से 1000 से ज्यादा फ्लाइट्स को रद्द कर दिया गया है। इसके अलावा 4 हजार से ज्यादा फ्लाइट्स के उड़ान में देरी हुई है।

केरल में मंकीपॉक्स का दूसरा मरीज मिला

कोच्चि (ईएमएस)। केरल में मंकीपॉक्स का दूसरा मरीज मिला है। भारत में मंकीपॉक्स का यह तीसरा मामला है। 29 साल का युवक यूएई से केरल के एर्नाकुलम लौटा था। उसे तेज बुखार था। जांच में मंकीपॉक्स की पुष्टि हुई। अभी स्ट्रेन का पता नहीं चला है। केरल हेल्थ डिपार्टमेंट ने बताया कि मरीज का कोच्चि के प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसके सैंपल पुणे के नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ वायरोलॉजी में जीनोमिक सीक्वेंसिंग के लिए भेजे गए हैं। जांच के बाद पता चलेगा कि मरीज मंकीपॉक्स के खतरनाक और तेजी से फैलने वाले क्लैड-1बी स्ट्रेन से संक्रमित है या नहीं।

कांग्रेस हिमाचल प्रदेश के मंत्री विक्रमादित्य सिंह दिल्ली तलब

नई दिल्ली (ईएमएस)। नेम प्लेट विवाद के बाद कांग्रेस आलाकमान ने हिमाचल प्रदेश के मंत्री विक्रमादित्य सिंह को दिल्ली तलब किया है। विक्रमादित्य सिंह के बयान से पार्टी नाराज है, बयान की निंदा की गई है और इसीलिए कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने उन्हें दिल्ली बुलाया है। विक्रमादित्य सिंह अक्सर पार्टी लाइन से कुछ अलग बयान देने की वजह से भी सुर्खियों में रहते हैं। पिछले ही दिनों उन्होंने बीजेपी शासित उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी नीतियों को लेकर तारीफ की थी। साथ ही उन्होंने यूपी की तर्ज पर हिमाचल प्रदेश में भी रेस्टोरेंट, फास्टफूड सेंटर और रेहड़ी-पटरी वालों को दुकानों के सामने नेम प्लेट लगाने के निर्देश दिए थे,

अयोध्या, प्रयागराज और मथुरा के बड़े मंदिरों में बदली प्रसाद व्यवस्था

नई दिल्ली (ईएमएस)। तिरुपति मंदिर के लड्डू प्रसादम में कथित मिलावट सामने आने पर यूपी के मंदिरों में अलर्ट देखने को मिल रहा है। अयोध्या, प्रयागराज और मथुरा के बड़े मंदिरों की प्रसाद व्यवस्था और नियमों में भी बदलाव हो रहे हैं। अयोध्या मंदिर के मुख्य पुजारी ने बाहरी एजेंसियों से प्रसाद लेने पर बैन की मांग की। मथुरा मंदिर ने मिठाई की जगह फल-फूल अपनाने का फैसला किया। अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास ने बाहरी एजेंसियों द्वारा तैयार प्रसाद पर पूर्ण प्रतिबंध करने की मांग की। उन्होंने मंदिर के प्रसाद में इस्तेमाल होने वाले घी की शुद्धता पर चिंता जताकर आग्रह किया कि सभी प्रसाद मंदिर के पुजारियों की देखरेख में तैयार होना चाहिए। सत्येंद्र दास ने देशभर में बिक रहे तेल और घी की गुणवत्ता की गहन जांच की जरूरत पर जोर दिया है।

मथुरा में मिठाई की जगह फल-फूल

इधर, मथुरा में धर्म रक्षा संघ ने प्रसादम व्यंजनों की प्राचीन शैली पर वापस लौटने के अपने फैसले की घोषणा की। यानी अब मिठाइयों की जगह फलों, फूलों और अन्य प्राकृतिक सामग्रियों से बने प्रसाद को शामिल किया जाएगा।

धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने प्रसादम प्रणाली में महत्वपूर्ण सुधारों की जरूरत पर बल देकर कहा, धर्म गुरुओं और संगठनों के बीच शुद्ध, सात्विक प्रसादम चढ़ाने और स्वीकार करने की पारंपरिक प्रथाओं पर लौटने पर सहमति बन गई है।

वहीं, संगम नगरी प्रयागराज में अलोप शंकरी देवी, बड़े हनुमान और मनकामेश्वर सहित कई मंदिरों ने भक्तों को प्रसाद के रूप में मिठाई और बाहर से तैयार अन्य वस्तुएं लाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। वहीं ललिता देवी मंदिर के मुख्य पुजारी शिव मूरत मिश्रा ने कहा, मैनेजमेंट ने भक्तों से सिर्फ नारियल, फल और सूखे मेवे लाने का अनुरोध करने का निर्णय लिया है।

बड़े हनुमान मंदिर का प्रबंधन खुद बनाएगा प्रसाद

संगम तट पर स्थित बड़े हनुमान मंदिर के संरक्षक और श्रीमठ बाघंबरी गद्दी के प्रमुख महंत बलबीर गिरि जी महाराज ने कहा, कॉरिडोर का निर्माण पूरा होने के बाद मंदिर मैनेजमेंट खुद श्री बड़े हनुमान मंदिर के लिए लड्डू-पेड़ा प्रसाद तैयार करेगा।

महाराष्ट्र में 300 करोड़ रुपये का गबन करने का आरोपी मथुरा से साधु वेश में गिरफ्तार

मथुरा (ईएमएस)। महाराष्ट्र पुलिस की एक टीम ने मथुरा जिले के कृष्ण बलराम मंदिर के समीप वृंदावन पुलिस की मदद से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जिसपर वहां (महाराष्ट्र में) करीब 300 करोड़ रुपये के गबन का आरोप है। स्थानीय पुलिस के मुताबिक इस व्यक्ति की पहचान महाराष्ट्र के बीड जिले के निवासी बबन विश्वनाथ शिंदे के रूप में हुई है। कृष्ण बलराम मंदिर को श्अंग्रेजों के मंदिरश् के नाम से भी जाना जाता है।

पुलिस अधीक्षक (नगर) डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि महाराष्ट्र के बीड जिले के उपनिरीक्षक एसएस मोरकुटे एवं सहायक उपनिरीक्षक तुलसीराम, बबन शिंदे (63) की गिरफ्तारी के लिए यहां आये थे और काफी खोजबीन के बाद वह अंग्रेजों के मंदिर के निकट साधु वेश में घूमता मिला। कुमार ने बताया कि छानबीन में जानकारी मिली कि शिंदे यहां करीब एक साल से साधु वेशभूषा में रह रहा था, जबकि महाराष्ट्र पुलिस की टीम उसे यहां मंदिरों, आश्रमों, होटल, गेस्ट हाउस आदि में तलाश रही थी। पुलिस अधीक्षक के अनुसार शिंदे भेष बदल कर रह रहा था। उन्होंने बताया कि उन्होंने मथुरा पुलिस की अपराध शाखा एवं वृन्दावन पुलिस का सहयोग लिया तो वह जल्द ही मिल गया।

पुलिस अधीक्षक के अनुसार महाराष्ट्र पुलिस ने नियमानुसार उसे बृहस्पतिवार को अदालत में पेश कर उसका 'ट्रांजिट रिमांड' हासिल किया और फिर उसे वापस महाराष्ट्र ले गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिंदे पर आरोप है कि उसने महाराष्ट्र के बीड जिले की 'जिजाऊ मां साहेब मल्टी स्टेट बैंक' में जमाकर्ताओं के तीन सौ करोड़ रुपये का गबन किया और वहां से फरार हो गया। उसके बाद वह साल भर से वृन्दावन आकर साधु के वेश में रह रहा था। उन्होंने बताया कि शिंदे के विरुद्ध बीड के अलावा महाराष्ट्र के धाराशिव जिले में भी गबन के कई मामले दर्ज हैं जिनमें वह वांछित चल रहा था।

कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया के खिलाफ एफआईआर

बेंगलुरु (ईएमएस)। कर्नाटक की भ्रष्टाचार निरोधक निकाय ने शुक्रवार को मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुदा) द्वारा भूमि आवंटन से जुड़े कथित घोटाले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह मामला यहां की एक विशेष अदालत द्वारा सिद्धारमैया के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस जांच के आदेश दिए जाने के दो दिन बाद आया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि उनकी पत्नी ने मानदंडों का उल्लंघन करते हुए मुदा द्वारा प्रीमियम संपत्तियां आवंटित की हैं।

एफआईआर में सिद्धारमैया को पहले आरोपी के तौर पर नामजद किया गया है, उसके बाद उनकी पत्नी पार्वती, साले मल्लिकार्जुन स्वामी और कथित जमीन मालिक देवराज का नाम दर्ज है। आरोपों के अनुसार, मैसूर विकास निकाय ने पार्वती के स्वामित्व वाली जमीन का एक टुकड़ा अधिग्रहित किया और उसे उच्च मूल्य के भूखंडों के साथ मुआवजा दिया। भाजपा के नेतृत्व वाले विपक्ष और कुछ कार्यकर्ताओं ने सिद्धारमैया और उनकी पत्नी पार्वती पर इस अवैध मुआवजे वाली जमीन के सौदे से लाभ उठाने का आरोप लगाया है, उनका अनुमान है कि कथित अनियमितताएं 4,000 करोड़ रुपये की हैं।

जम्मू-कश्मीर में 7 ठिकानों पर एनआईए की रेड

रियासी (ईएमएस)। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के 2 जिलों राजौरी और रियासी में सात जगह छापा मारा। जिन लोकेशन पर तलाशी ली गई, वे हाइब्रिड आतंकवादियों और ओवर-ग्राउंड वर्कर्स से जुड़े हैं। यह छापेमारी 9 जून को रियासी में एक बस पर हुए आतंकी हमले से जुड़ी है। इस हमले में नौ तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी। बस रियासी के पौनी इलाके में शिव खोरी से कटरा जा रही थी। आतंकवादियों की गोलीबारी से बस खाई में गिर गई थी।

पुलिस पर हमला, दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

मुरादाबाद (ईएमएस)। मुरादाबाद में ट्रैक्टर के नीचे दबने से युवक की मौत के बाद जमकर बवाल हुआ। गुस्साई भीड़ ने पुलिस पर हमला कर दिया। दौड़ा-दौड़ाकर पत्थर-डंडे मारे। बंधक बनाया। वर्दी फाड़ दी। पुलिस पर हमले की खबर मिलते ही हडक़ंप मच गया।

डीएम और एसएसपी भारी फोर्स के साथ मौक पर पहुंचे। पब्लिक को समझाकर बंधक पुलिसवालों को मुक्त कराया। घटना ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र की है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस वसूली के लिए ट्रैक्टर का पीछा कर रही थी। तेज रफ्तार से भगाने की वजह से ट्रैक्टर पलट गया। जिसके नीचे दबने से ट्रैक्टर चला रहे ग्रामीण मोनू की मौत हो गई। पुलिस ने 2 कॉन्स्टेबल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जगन को मंदिर जाने की इजाजत नहीं

तिरुपति (ईएमएस)। आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी ने तिरुपति मंदिर का दौरा कैंसिल कर दिया। जगन रेड्डी ने कहा, पुलिस ने मंदिर यात्रा को लेकर राज्य भर के वायएसआरसीपी नेताओं को नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि हमें तिरुमाला मंदिर जाने की इजाजत नहीं है। राज्य में राक्षसों का राज जारी है। जगन कल यानी 28 सितंबर को तिरुपति के भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में विशेष अनुष्ठान करने वाले थे। इधर, आंध्र प्रदेश सरकार की बनाई हुई 9 सदस्यों वाली एसआईटी ने तिरुपति के प्रसादम में एनिमल फैट पाए जाने के मामले की जांच शुरू कर दी है।

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला...झारखंड सीएम के पूर्व सचिव पर एफआईआर

आईएएस विनय और संयुक्त-आयुक्त पर ईओडब्ल्यू में केस दर्ज

रायपुर (ईएमएस)। छत्तीसगढ़ आबकारी घोटाला केस में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के पूर्व सचिव आईएएस विनय कुमार चौबे और आबकारी संयुक्त रहे गजेंद्र सिंह पर एफआईआर दर्ज की गई है। रायपुर की ईओडब्ल्यू और एसीबी ने धोखाधड़ी और आपराधिक षडयंत्र रचने की धाराओं में नया केस दर्ज किया है। दोनों पर भ्रष्टाचार और सरकार को आर्थिक नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया है।

मामले में आने वाले दिनों में कई गिरफ्तारियां होने की संभावना है। एफआईआर दर्ज होने के बाद झारखंड में सियासी बवाल शुरू हो चुका है। झारखंड के पूर्व सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार फिर घोटाले की तैयारी में है।

ईडी भी कर चुकी है पूछताछ

झारखंड के जिन अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज की गई है। इनसे ईडी ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में भी पूछताछ की थी। ताजा एफआईआर में झारखंड आईएएस विनय कुमार चौबे, उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह, छत्तीसगढ़ के रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा के अलावा झारखंड में शराब आपूर्ति, मैनपावर और होलोग्राम बनाने वाली कंपनियों को भी आरोपी बनाया गया है। यह एफआईआर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018, धारा 420, 120

स्कूल की तरक्की के लिए बच्चे की हत्या

मालिक का तांत्रिक पिता गिरफ्तार

हाथरस (ईएमएस)। यूपी के हाथरस में एक स्कूल की तरक्की के लिए 11 साल के छात्र की हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, स्कूल के मालिक के पिता ने इस वारदात को अंजाम दिया। मैनेजर का पिता तांत्रिक है। उसका मानना था कि बच्चे की बलि देने से स्कूल की तरक्की होगी।

हत्या के बाद आरोपी शव को कार में डालकर ठिकाने लगाने जा रहा था। इसी दौरान बच्चे के घरवालों की शिकायत पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। साथ ही मैनेजर समेत 4 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया। वारदात 23 सितंबर की है। पुलिस ने इसका खुलासा 26 सितंबर को किया। मामला सहपऊ थाना क्षेत्र का है।

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि कृतार्थ की हत्या गला दबाकर की गई है। उसके गले पर चोट के निशान थे। बच्चे के पिता ने मैनेजर दिनेश बघेल सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। इसमें चार अज्ञात थे। अब पुलिस ने इस मामले में मैनेजर समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया है।

दिल्ली की एयर क्वालिटी पर सुप्रीम कोर्ट ने सीएक्यूएम को लगाई फटकार, कहा

हालात इमरजेंसी जैसे, पराली जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की

नई दिल्ली (ईएमएस)। सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को दिल्ली प्रदूषण मामले में सुनवाई हुई। पराली जलाने के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई न करने को लेकर कोर्ट ने कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि प्रदूषण की वजह से इमरजेंसी जैसे हालात बने हुए हैं। सीएक्यूएम से पूछा कि पराली जलाने में क्या कोई कमी आई है? आप पराली जलाने के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं? लगातार बैठकें क्यों नहीं हो रहीं? आपकी कार्रवाई केवल कागज पर है और आप मूकदर्शक हैं।

अगर आप यह मैसेज नहीं देते हैं कि कानून का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, तो ये प्रावधान केवल कागज पर ही रह जाएंगे। पिछली सुनवाई के दौरान 27 अगस्त को कोर्ट ने कहा था कि दिल्ली-एनसीआर के पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड में कर्मचारी कम होने की वजह से ठीक से काम नहीं हो रहा। कोर्ट ने पांच राज्यों को आदेश दिया था कि वे खाली पड़ी नौकरियों को 30 अप्रैल 2025 तक भरें, ताकि प्रदूषण पर काबू पाया जा सके। मामले की सुनवाई जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस एजी मसीह की बेंच कर रही है।

10 हजार से ज्यादा फैक्ट्रियां बंद हुईं

सीएक्यूएम के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने बताया कि उन्होंने समिति बनाने के बाद 82 कानूनी आदेश और 15 सुझाव जारी किए हैं। उनकी टीम ने 19,000 जगहों का निरीक्षण किया है और 10,000 से ज्यादा फैक्ट्रियों को बंद करने का आदेश दिया है। इस पर कोर्ट ने कहा कि सीएक्यूएम तीन साल से अस्तित्व में है, लेकिन इसने केवल 82 निर्देश जारी किए हैं। इतनी कार्रवाई काफी नहीं है। आयोग को और अधिक एक्टिव होने की जरूरत है। आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसके निर्देशों से प्रदूषण की समस्या कम हो रही है या नहीं। दरअसल, केंद्र सरकार ने 2021 में सीएक्यूएम का गठन किया था। इसे दिल्ली-एनसीआर और आसपास के इलाकों में बढ़ते प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए बनाया गया है।

चीन में रह रहे भारतीय जल्द कराएं पंजीकरण.....दूतावास ने क्यों कहा ऐसा

बीजिंग (ईएमएस)। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने चीन में रह रहे सभी भारतीय नागरिकों को दूतावास में पंजीकरण कराने की सलाह दी है। यह पंजीकरण भविष्य में भारतीय दूतावास से मिलने वाली सभी सेवाओं के लिए आवश्यक होगा। दूतावास द्वारा जारी एक परामर्श में कहा गया है कि भारतीयों को दूतावास संबंधी सेवाएं प्रदान करने की प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित और सुविधाजनक बनाने के लिए यह सलाह दी जाती है कि चीन में रहने वाले सभी भारतीय नागरिक, जिसमें छात्र भी शामिल हैं, पंजीकरण कराएं।

कैसे करें रजिस्ट्रेशन

परामर्श में बताया गया है कि वेबसाइट पर पंजीकरण फॉर्म सफलतापूर्वक जमा करने पर, आवेदक का नाम, पासपोर्ट नंबर और पंजीकरण संख्या वाला पंजीकरण दस्तावेज स्वचालित रूप से डाउनलोड करने योग्य पीडीएफ प्रारूप में तैयार होगा और पंजीकरण फॉर्म भरने की प्रक्रिया के दौरान आवेदक द्वारा प्रदान की गई पंजीकृत ईमेल आईडी पर भी भेज दिया जाएगा।

दूतावास की सर्विसेज के लिए जरूरी होगा रजिस्ट्रेशन

सभी भारतीय नागरिकों को दूतावास संबंधी किसी भी सेवा, पासपोर्ट नवीनीकरण, दस्तावेजों के सत्यापन, पुलिस मंजूरी प्रमाण पत्र, जन्म और विवाह पंजीकरण के लिए अपने आवेदन के साथ पंजीकरण दस्तावेज संलग्न करने को कहा गया है।

फेस्टिव सीजन में 12,500 से ज्यादा स्पेशल कोचों का संचालन करेगा भारतीय

जन हितैषी

सुसाइड कैप्सूलः आत्महत्या या इच्छा मृत्यु की वैधानिक सुविधा

हाल ही में स्विट्जरलैंड में सुसाइड कैप्सूल के माध्यम से आत्महत्या ने पूरी दुनिया में एक गहरा विवाद खड़ा कर दिया है। इस कैप्सूल का निर्माण नीदरलैंड्स की कंपनी ने किया है। यह केप्सूल स्विट्जरलैंड के मरियानेज की बुडलेरी स्ट्रीट के पास स्थित है। एक 64 वर्षीय अमेरिकी महिला की इच्छा मृत्यु ने इस आत्महत्या और कैप्सूल को चर्चाओं में ला दिया है। क्या ऐसे उपकरणों का उपयोग मानवीय मूल्यों और नैतिकता के अनुकूल है। सुसाइड कैप्सूल एक उन्नत तकनीकी उपकरण है। जिसमें इच्छामृत्यु की इच्छा करने वाला व्यक्ति स्वेच्छा से कैप्सूल के भीतर बैठ जाता है। दरवाजा बंद कर एक बटन दबाते ही कुछ मिनटों के भीतर कैप्सूल में नाइट्रोजन गैस फैल जाती है। जिससे व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। इस तरह से मृत्यु ?बिना किसी दर्द या पीड़ा के होती है। इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है। जो जल्द और शांतिपूर्ण ढंग से जीवन को समाप्त कर देता है। अमेरिकी मे महिला की मृत्यु के बाद स्विट्जरलैंड की पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस का दावा है, कंपनी के कुछ अधिकारियों और सेवा से जुड़े व्यक्तियों ने महिला को शांतिपूर्ण ढंग से आत्महत्या के लिए प्रेरित किया था। इस घटना के बाद नैतिकता,कानून,और चिकित्सा क्षेत्र में इच्छा मृत्यु को लेकर गहरी बहस छिड़ गई है। स्विट्जरलैंड में इच्छामृत्यु को कानूनी मान्यता प्राप्त है। परंतु इस मामले ने एक नया ?विवाद खड़ा कर ?दिया है। दुनिया के अधिकांश देशों में इसे वैध नहीं माना है। विशेषज्ञों का कहना है, ऐसे उपकरणों के प्रयोग के लिए कठोर कानूनी और नैतिक दिशा निर्देश आवश्यक हैं। जीवन समाप्त करने का यह माध्यम उन मरीजों के लिए सहायक हो सकता है। जो गंभीर पीड़ा और लाइलाज बीमारियों से जूझ रहे हैं। स्विट्जरलैंड की इस घटना ने पूरे विश्व में इच्छा मृत्यु को लेकर नई बहस को जन्म दिया है। कुछ लोग इसे मानवीय और चिकित्सा दृष्टि से उचित ठहराते हैं। वहीं दूसरी ओर इसे अनैतिक और गैरकानूनी मानते हैं। सरकारों और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े ?जिम्मेदरों को इस विषय पर स्पष्टता से समग्र निर्णय लेने की आवश्यकता है। पिछले 4 दशक मे चिकित्सा के क्षेत्र में व्यवसायिकता देखने को मिल रही है। कृत्रिम उपचार के माध्यम से किसी तरह से बीमार व्यक्ति को लंबे समय तक जिंदा रखा जाता है। इस प्रक्रिया में उसे शारीरिक और मानसिक कष्ट से गुजारा जाता है। किसी भी दृष्टि से उसे जीवित रखा जाता है। चार दशक पहले चिकित्सक इस तरह के मामले में स्वाभाविक प्रक्रिया के तहत मरीज को प्राकृतिक तरीके से देखरेख और उपचार करके उसे जिंदा रखने की कोशिश करते थे। शारीरिक संरचना में जब मरीज भोजन करने में असमर्थ हो जाए, औषधि का उसके ऊपर असर खत्म हो जाए, बीमारी से निजात पाने की कोई संभावना न हो। ऐसी स्थिति में प्राकृतिक मृत्यु की क्रिया से गुजरा जाता था। इसमें शरीर को असाध्य कष्ट नहीं होता था। पिछले 4 दशकों में जो उपकरण चिकित्सा के क्षेत्र में उपयोग में लाये जा रहे हैं। कुछ ऐसी औषधि हैं जो शरीर के किसी एक अंग को लंबे समय तक जिंदा रख पाती है। उसके सहारे मरीज को शारीरिक और मानसिक कष्ट से अस्पतालों में गुजरा जाता है। मरीज के परिवार जनों से इलाज के नाम पर काफी पैसा अस्पतालों द्वारा कमाई की जाती है। भारत जैसे देश में साधु-संतों और जैन धर्म के लोगों में समाधि और संलेखना के माध्यम से इच्छा मृत्यु का चलन है। इस तरह की इच्छा मृत्यु से बाहरी शारीरिक कष्ट नही होता है। शारीरिक रूप से जो शरीर ग्रहण कर सकता है। उसको लेते हुए वह धीरे-धीरे शरीर को निष्क्रीय करते हुए स्वाभा?विक मृत्यु का वरण करता है। भारत में स्वाभा?विक प्राकृ?तिक मौत की यह प्रक्रिया घर-घर में प्रच?लित थीऍ जब भी कोई असाध्याय बीमारी से ग्रसित होता था, उम्र पूरी हो जाने के बाद जब शारीरिक अंग कमजोर हो जाते थे। तब स्वाभाविक रूप से बिना किसी कष्ट के मृत्यु के वरण करने का तरीका भारत में विकसित था। पिछले कुछ वर्षों में चिकित्सा के क्षेत्र में जो लूट देखने को मिल रही है। उपकरणों की सहायता से मरीज को असाध्य कष्ट पहुंचाते हुए कृत्रिम रूप से लंबे समय तक जिंदा रखने की कोशिश की जाती है। वह पूरी तरह से अब अव्यवहारिक, क्रूर एवं अप्राकृतिक है। सुसाइड कैप्सूल समस्याओं को और बढ़ाएगा। हताश लोगों को आसानी से मृत्यु का एक माध्यम मिल जाएगा।

हिंदी में विज्ञान - संचार की जरुरत

विज्ञान का अर्थ है विशेष ज्ञान। हम प्रकृति में उपस्थित विभिन्न वस्तुओं की प्रकृति और उनके व्यवहार ,गुण आदि के बारे में अध्ययन करते हैं उसी को ही विज्ञान कहते है। आज विज्ञान मनुष्य के जीवन का एक अंग बन गया है। विज्ञान के लाभ के साथ-साथ कुछ हानियां भी हैं, जिससे पर्यावरण प्रभावित होता है। विज्ञान ने आज हमारा जीवन अधिक आसान और आरामदायक बना दिया है। राज भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है, बल्कि हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति और संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है, जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। यह विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है, जो हमारे पांरपरिक ज्ञान, प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु भी है। हिंदी भारत संघ की राजभाषा होने के साथ ही ग्यारह राज्यों और तीन संघ शासित क्षेत्रों की भी प्रमुख राजभाषा है। संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल अन्य इक्कीस भाषाओं के साथ हिंदी का एक विशेष स्थान है। आज देश में तकनीकी और आर्थिक समृद्धि के साथ-साथ अंग्रेजी पूरे देश पर हावी होती जा रही है। देश की राजभाषा हिंदी होने के बावजूद आज हर जगह अंग्रेजी का वर्चस्व कायम है। हिंदी जानते हुए भी लोग हिंदी में बोलने, पढ़ने या काम करने में हिचकने लगे हैं। इसलिए भारत सरकार का प्रयास है कि हिंदी के प्रचलन के लिए उचित माहौल तैयार किया जा सके। राजभाषा हिंदी के विकास के लिए खासतौर से भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत राजभाषा विभाग का गठन किया गया । भारत सरकार का राजभाषा विभाग इस दिशा में प्रयासरत है कि केंद्र सरकार के अधीन कार्यालयों में अधिक से अधिक कार्य हिंदी में हो। हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद भी इसी दिशा में काफी अच्छा काम, विज्ञान को हिंदी में वैज्ञानिक पत्रिका द्वारा निरंतर प्रयासरत है हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद की प्रमुख पत्रिका का नाम भी स्व रामधारी सिंह दिनकर द्वारा दिया गया था जिसके 56 वर्षो में करीब 250से अधिक अंक निकल चुके हैं जिसमें अधिकतर अंको का संपादन देश के जाने माने विज्ञान संचारक व लेखक डॉ गोविन्द प्रसाद कोठियाल जी द्वारा किया गया बहुत से अंक विज्ञान की विशेषता हेतु विशेषाँक के रूप में निकाले गए हैं विज्ञान का अर्थ है विशेष ज्ञान। मनुष्य ने अपनी आवश्यकताओं के लिए जो नए-नए आविष्कार किए हैं, वे सब विज्ञान की ही देन हैं। आज का युग विज्ञान का युग है। विज्ञान के अनगिनत आविष्कारों के कारण मनुष्य का जीवन पहले से अधिक आरामदायक हो गया है इसे हिंदी में लिखना आज के दौड़ में काफी कठिन हो गया है लेकिन वैज्ञानिक पत्रिका के प्रयासों व अन्य पत्रिका के कारण जनहित में हिंदी में विज्ञान संचार वैज्ञानिक व शिक्षकों द्वारा किया जाना एक वैज्ञानिक चुनौती के रूप में उभरा है हिंदी में विज्ञान को ढालना व बच्चों को समझाना एक दुष्कर कार्य है वैज्ञानिक पत्रिका साल में 4अंक हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद द्वारा निकाली जा रही है जिसके अंक को शुभकामनायें तत्कालीन विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्कालीन सचिव द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंक में दि जो हिंदी विज्ञान के लिए शुभ है आज उसी को गाँव शहरों हर जगह हिंदी में विज्ञान का संचार करना आवश्यक है वैज्ञानिक के वर्तमान मुख्य संपादक श्री राजेश कुमार मिश्र जो जागृति समिति, अनुशक्तिनगर के उपाध्यक्ष है निरंतर प्रयासरत है जो निश्चित रूप से हिंदी में विज्ञान संचार का अमूल्य कार्य कर रहें हैं वैज्ञानिक' द्वारा पाठकों में हिन्दी में वैज्ञानिक जागरूकता पैदा की जाती है जिसमें विज्ञान के बुनियादी सिद्धांतों को समझाया जाता है ताकि लेख के स्तर पर पाठक अपने ज्ञान व क्षमता में वृद्धि कर सके इस , संपादकीय बोर्ड के सदस्य सर्वश्री, राजेश कुमार, केके वर्मा, डॉ संजय कुमार पाठक व वैज्ञानिक के व्यवस्थापक ,सर्वश्री श्री नवीन त्रिपाठी, बी.एन. मिश्र,अनिल अहिरवार, प्रकाश कश्यप, बधाई के पात्र हैं. अतः हिंदी में विज्ञान का संचार आज की आवश्यकता को पूर्ण करने के लिए सभी हिंदी विज्ञान की पत्रिका के अधिकारी बधाई के पात्र है जो अंधेरा में अंधविश्वास को दूर कर विज्ञान के सिद्धांत पर आधारित कार्यों का सही विवरण व शोध लेख के माध्यम से प्रदान करते हैं.सामंजस्यपूर्ण विज्ञान-कला संतुलन बनाना हेतु विज्ञान संचार वैज्ञानिक व शोध की जानकारी के रूप में उभरता है, जो कला के माध्यम से विज्ञान संचार और वैज्ञानिक प्रभाव के बीच व्यापक संबंधों को बढ़ावा देता हैविज्ञान संचार को ''सामाजिक चुनौतियों से निपटने में विज्ञान की भूमिका और योगदान'' को मजबूत करने में एक आवश्यक तत्व के रूप में देखता है विज्ञान संचार को ''सामाजिक चुनौतियों से निपटने में विज्ञान की भूमिका और योगदान'' को मजबूत करने में एक आवश्यक तत्व के रूप में देखता है। (लेखक-संजय गोस्वामी/ईएमएस)

राहुल गाँधी की नागरिकता पर संदेह

भारत अजूबा देश है। यहां जो होता है किसी अजूबे से कम नहीं है । अघोषित अधिनायकवाद के बावजूद यहाँ हर तरह की आजादी है । आप किसी को भी गाली दे सकते हैं । किसी को भी देश का आतंकी नंबर वन कह सकते हैं। और किसी को भी पाकिस्तान जाने की सलाह दे सकते हैं,और तो और आप माननीय अदालतों का भी वक्त जाया करने के लिए बे-सर-पैर की याचिकाएं लगा सकते हैं।

आज मुझे जब दूसरे किसी विषय पर लिखना था,मै भारत के इस अजूबे स्वभाव के बारे में लिख रहा हूँ । आज मेरे सामने भी वे राहुल गाँधी हैं जिनका भूत पूरी भाजपा और माननीय नेताओं के सर पर चढ़कर दिन-रात बोलता है । क्या आपको अजूबा नहीं लगता कि जिस देश में सरकार के मंत्री राहुल गांधी को देश का आतंकी नंबर वन कहते हैं उसी देश में सरकार राहुल गांधीको संसद की रक्षा मामलों की स्थाई समिति का सदस्य भी बना देती है। दरअसल सरकार और भाजपा ही तय नहीं कर पा रही है की राहुल गांधी हैं क्या ? अब राहुल गाँधी से परेशान ,हलकान लोग उनकी नागरिकता पर सवाल उठा रहे है। सरकारी पार्टी कि ही एक नेता ने राहुल गांधी का पासपोर्ट जब्त करने की मांग अपनी ही सरकार से की है।

राहुल गाँधी की नागरिकता को चुनौती देने वाले सुब्रमण्यम स्वामी जी है। दिल्ली हाईकोर्ट ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता रद्द करने की मांग पर गृह मंत्रालय को फैसला करने का आदेश देने की मांग करने वाली भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर सुनवाई टाल दी है. कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इस मामले पर अगर इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है तब हम सुनवाई नहीं कर सकते. हाईकोर्ट ने एएसजी चेतन शर्मा को निर्देश दिया कि वो इलाहाबाद हाईकोर्ट में इस मामले पर चल रही सुनवाई का स्टेटस रिपोर्ट कोर्ट को बताएं. मामले की अगली सुनवाई 9 अक्टूबर को होगी।

चूंकि स्वामी जी भाजपा के नेता हैं इसलिए आप ये मान सकते हैं कि उनकी याचिका के पीछे भाजपा भी है। स्वामी जी बच्चे नहीं हैं,वे रवीन्द्र बिट्टू की तरह पुराने कांग्रेसी भी नहीं है। स्वामी जी 84 साल के अनुभवी और विद्वान नेता हैं। हिन्दू राष्ट्रवादी नेता एवं सनातन धर्म के प्रचारक हैं। वे जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं। वे सांसद के अतिरिक्त 1990-91 में वाणिज्य, कानून एवं न्याय मंत्री और बाद में अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार आयोग के अध्यक्ष भी रहे। 1994-96 के दौरान विश्व व्यापार संगठन के श्रमिक मानकों के निर्धारण में उन्होंने प्रभावी भूमिका निभायी। लेकिन वे भी राहुल गाँधी के पीछे हाथ धोकर पड़े हुए हैं।

राहुल भारत के नागरिक हैं या नहीं ,ये सवाल करने का स्वामी जी को पूरा हक है। उनके पास इसके पक्ष में दलीलें भी है। बेहतर होता कि वे जिस पार्टी के नेता हैं उस पार्टी की सरकार के सामने पहले ये मामला उठाते और जब सरकार नहीं सुनती तब अदालत का दरवाजा खटखटाते। स्वामी जी अपनी फजीहत खुद करा रहे है। जाहिर है कि उन्होंने पार्टी फोरम पर राहुल गाँधी का ये मुद्दा जरूर उठाया होगा और पार्टी है कमान से ही हरी झंडी मिलने के बाद वे अदालत गए होंगे । ये भी मुमकिन है कि सरकार और भाजपा ने स्वामी जी को ध्यान से सुना ही न हो इसलिए स्वामी जी सीधी लड़ाई लड़ना पड़ रही है है।

राहुल गांधी की नागरीकता को चुनौती देने वाले डॉ स्वामी अकेले नहीं हैं। कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर भी इस मुद्दे को लेकर इलाहबाद हाईकोर्ट की शरण में हैं और मजे की बात ये है कि सब कुछ जानते हुए भी इलाहाबाद हाईकोर्टकोर्ट ने गृह मंत्रालय से स्पष्टीकरण मांगा है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने बुधवार को केंद्र से पूछा कि क्या उसने नागरिकता अधिनियम 1955 के तहत दायर उस अभ्यावेदन पर कोई निर्णय लिया है जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पास ब्रिटिश नागरिकता होने के आरोपों की जांच कराने का अनुरोध किया गया है। जनहित याचिका में याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि उसने गांधी के ब्रिटिश नागरिक होने के मुद्दे पर विस्तृत जांच की है और उसे कई नई जानकारियां मिली हैं। याचिकाकर्ता ने गांधी की ब्रिटिश नागरिकता के आरोपों की सीबीआई जांच की मांग की है। मामले की अगली सुनवाई 30 सितंबर को होगी।

आपको बता दूँ कि राहुल गांधी की नागरिकता पर सवाल खड़े करते हुए अदालत में याचिका दायर की गई थी। इसी साल जुलाई में याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने इसे खारिज कर दियाथा। अदालत ने कहा था कि याचिकाकर्ता को पहले सक्षम प्राधिकारी के पास शिकायत करनी चाहिए।यह मामला लोकसभा स्पीकर ओम बिडला तक भी पहुंचा है। अदालत में दाखिल याचिका का हवाला देते हुए ओम बिडला से मांग की गई है कि राहुल गांधी को तबतक संसद सदस्य के रूप में कार्य करने की अनुमति न दी जाए, जब तक गृह मंत्रालय की तरफ से इस मामले का निपटारा न कर दिया जाए। याचिका में यह भी सवाल किया गया है कि राहुल गांधी किस अधिकार के तहत लोकसभी सदस्य के रूप में काम कर रहे हैं।लेकिन दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बने ओम बिड़ला भी इस मामले पर फैसला नहीं ले पाए।

दिल्ली है कोर्ट ने सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के लिए 09 अक्टूबर की तारीख तय की।चीफ जस्टिस मनोनीत मनमोहन और जस्टिस तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने केंद्र सरकार के वकील से इलाहाबाद हाईकोर्ट के समक्ष इस मुद्दे पर लंबित याचिका की प्रति प्राप्त करने को कहा।अदालत ने मौखिक रूप से टिप्पणी की कि मामले में आगे बढ़ने से पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित याचिका के बारे में स्थिति जानना न्याय के हित में होगा।

आपको याद होगा कि पहले भाजपा सरकार राहुल गाँधी कि लोकसभा कि सदस्यता भी बहाने से छीन चुकी है ,लेकिन बीच में सर्वोच्च न्यायालय के आने से पिछली सर्कार को मुंह कि खाना पड़ी थी । भाजपा इससे पहले राहुल की जाती पर भी सवाल खड़े कर चुकी है लेकिन राहुल द्वारा खड़े किये जाने वाले किसी भी सवाल का जबाब देने से भाजपा और उसके नेता हमेशा कतराते रहते हैं। राहुल कि जाति पूछने वाले भी भाजपा के ही एक पूर्व मंत्री और वर्तमान संसद अनुराग ठाकुर थे।

दुनिया जानती है कि राहुल गाँधी कि गर्भनाल दिल्ली में ही है ,अर्थात वे जन्म से ही भारतीय नागरिक हैं। अब कोई माने या न माने ये अलग बात है। राहुल कि नागरिकता को चुनौती देने वाले तमाम भाजपाइयों को पता है कि नई दिल्ली में जन्मे गांधी ने अपना बचपन नई दिल्ली और देहरादून के बीच बिताया उन्होंने नई दिल्ली में प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की और फिर दून स्कूल देहरादून में जाकर विशेष सभी लड़कों के बोर्डिंग सेंट स्टीफेन्स कॉलेज में अध्ययन किया। सुरक्षा समस्याओं के कारण, बाद में उन्हें घर पर रहकर ही पढ़ना पड़ा । गांधी ने सेंट स्टीफेन्स कॉलेज में अपनी स्नातक की डिग्री प्रारंभ की और फिर हार्वर्ड विश्वविद्यालय गए। अपने पिता पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी हत्या के बाद सुरक्षा खतरों के कारण, उन्होंने रोलिंस कॉलेज में फ्लोरिडा में अपनी डिग्री पूरी की। उन्होंने एम.फिल. कैम्ब्रिज से प्राप्त की। उनकी किसी डिग्री को उस तरह से चुनौती नहीं दी गयी जिस तरह कि मौजूदा प्रधानमंत्री कि डिग्रियों को दी जा सकती है।

अब जनता को तय करना है कि राहुल गाँधी से आतंकित भाजपा नेता माननीय अदालतों का वक्त खराब कर रहे हैं या नही। भाजपा को भी ये स्पष्ट करना होगा कि वो स्वामी और दूसरे भाजपाइयों कि याचिकाओं के साथ है या नहीं ? वैसे जिस ढंग से सर्कार ने राहुल गांधी को लोकसभा के रक्षा मामलों कि स्थाई समिति का सदस्य बनाया है उसे देखकर नहीं लगता कि सर्कार राहुल को भारतीय नागरिक नहीं मानती। जहाँ तक मुझे याद आता है कि भाजपा में शामिल हो चुके पूर्व मुख्य न्यायसदिश रजब गोगोई के जमाने में भी सुप्रीम कोर्ट इस मामले को ख़ारिज कर चुकी है।अब देखना है कि तीसरी बार सत्ता में आयी भाजपा राहुल को देश से बाहर निकल पाती है या नहीं

(लेखक-राकेश अचल/ईएमएस)

बदलती लाइफ स्टाइल से नींद की कमी एक बड़ी चुनौती

स्वस्थ शरीर के लिए विशेषज्ञ स्लीप साइकल को ठीक रखने पर विशेष जोर देते हैं, इसमें सोने-जागने के निर्धारित समय और नींद की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी जाती है नींद की गुणवत्ता का संपूर्ण स्वास्थ्य पर असर देखा जा सकता है। तमाम अध्ययनों में पाया गया है कि जिन लोगों की नींद पूरी नहीं होती है, उनमें कई प्रकार की गंभीर बीमारियों के विकसित होने का जोखिम अधिक होता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं नींद की गुणवत्ता के साथ इसकी अवधि का ख्याल रखना भी बहुत आवश्यक है, अक्सर लोगों की स्लीप साइकल में एक बड़ी समस्या देखी गई है, कई लोगों को रात में देर तक जगने की आदत होती है। यह आदत भले ही सामान्य लगती हो, पर सेहत पर इसके कई प्रकार से नकारात्मक असर हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को रात में 6-8 घंटे की नींद लेने की सलाह दी जाती है। इसके लिए रात में 10 से सुबह 6 बजे तक सोने के समय को सबसे गुणवत्तापूर्ण नींद वाला माना जाता है, हालांकि अक्सर देखने को मिलता है कि अधिकतर लोग रात में 12-1 बजे सोते हैं। यह आदत आपकी स्लीप साइकल को बिगाड़ देती है, जिससे नींद पूरी न होने के कारण कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं के विकसित होने का खतरा हो सकता है। देर से सोने वाले लोगों में स्वाभाविक रूप से सुबह देर से उठने की भी आदत होती है, इस कारण से अक्सर ऐसे लोगों के लिए सुबह के समय व्यायाम कर पाना कठिन हो जाता है। हेल्थ प्रमोशन एंड क्रॉनिक डिजीज प्रिवेंशन जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि देर से सोने वाले लोगों में अन्य लोगों की तुलना में गतिहीन जीवनशैली की समस्याएं भी अधिक देखने को मिलती हैं, जिसका संपूर्ण सेहत पर बहुत नकारात्मक असर हो सकता है।

आजकल नींद की कमी से परेशानियां बहुत आम हो गई हैं। ख़ासकर युवाओं में डिप्रेशन अवसाद की बीमारियां डेरा जमा चुकी हैं। देश में युवाओं का एक बड़ा वर्ग अवसाद से ज्यादा परेशान है। जिन्हें इसकी समस्या होती है, ऐसे लोग अपनी तरह की दुनिया बना लेते हैं..। हमारे आसपास के लोग समझ नहीं पाते..। मेरा मानना है पहले आप अपनी जरूरतें पूरी करिए फ़िर आप ज़माने के लिए सोचिए जब आपके अंदर ही एक कोलाहल है तो आप दुनिया के लिए क्या ही लड़ पाएंगे! मुझे सम्बन्धित व्यक्ति के बारे में ज़्यादा पता नहीं है लेकिन इस उम्र में डिप्रेशन का कारण ज्यादातर भविष्य की चिंता ही होती है। सबसे पहले आप खुद को स्थायित्व दीजिए बाद में ज़माने के लिए सोचिए। अभी कुछ दिनों पहले पढ़ा इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ग्राहम थोर्प ने डिप्रेशन की वज़ह से आत्महत्या कर ली। भला इंग्लैंड के इतने बड़े क्रिकेटर को ऐसी क्या समस्या थी कि उन्होंने खुद को ऐसे खत्म कर दिया?? जाहिर है अंदर एक कोलाहल रहा होगा जो उन्हें अपने साथ ले गया..। वैसे भी पैसे ज़रूरतों से ज़्यादा मानसिक सुकून बहुत आवश्यक है।

मैंने बहुत सालों से अनुभव किया है, हमारे समाज में या दुनिया में जिस तरह की लाइफस्टाइल को लेकर आकर्षण है, मुझे लगता है कुछ सालों बाद आधी दुनिया अवसाद में होगी। आज हर तीसरा आदमी अपनी टेंशन में डूबा हुआ है। एक-दूसरे से आगे निकलने की जद्दोजहद, असीमित सामाजिक दबाव...अवसाद के कई कारण होते हैं, लेकिन नींद की कमी भी एक महत्वपूर्ण कारण है। अब आधी दुनिया रात में सोती नहीं है, जबकि बहुत आवश्यक हो तो हो देर रात जागना चाहिए। वैसे भी नींद का जीवन में अपना एक महत्व होता है, इसके दुष्प्रभाव जल्दी पहिचान में नहीं आते, बल्कि धीरे-धीरे नींद की कमी गम्भीर समस्या बन जाती है ; और आज आधी से ज़्यादा युवाओं की आबादी इसकी गिरफ़्त में है। अब तो देर रात तक जगने का फैशन बन चुका है। रात में जागने के बाद जिम जाकर शरीर फुलाने से क्या हासिल होता है?? योग व्यायाम की जगह जिम करने की अंधी दौड़ भी युवाओ को परेशानी में डाल रही है। सेहत को लेकर ऐसी लापरवाही कई बीमारियों को जन्म देती हैं स्वस्थ रहने के लिए कम से कम 7-8 घंटे की नींद सोना चाहिए। इससे कम सोने वाले लोगों को मोटापा, चिड़चिड़ापन, सिरदर्द आदि की समस्याओं से जूझना पड़ता है अगर आप भी ये गलती करते हैं, तो आपको बता दें कि आप अपनी सेहत के साथ कितना बड़ा खिलवाड़ कर रहे हैं। पर्याप्त नींद नहीं लेने से आयु कम होती है। दक्षिण कोरिया में 16 सालों तक किए गए एक शोध के अनुसार जो लोग रात में ज्यादा देर जागना पसंद करते थे, उन्हें कम उम्र में ही अपनी जान से हाथ गंवाना पड़ा। जो लोग रात में ज्यादा देर तक जागते हैं, उन्हें मेमोरी लॉस, डिसीजन मेकिंग आदि में समस्या का सामना करना पड़ता है। देर से सोने वाले लोगों में मूड स्विंग भी देखे जा सकते हैं।

मैंने अब तक बहुत से चिकित्सकों से परामर्श लिया है, उन्होंने जिम जाने की बजाय योग, व्यायाम को सही बताया है। जबकि जिम जाने के अनेकों साइड इफेक्ट हैं। अतः सबसे पहले अपनी दिनचर्या में परिवर्तन करते हुए रात में जल्दी सो जाएं रात सोने के लिए ही बनाई गई है, सुबह सूरज उगने से पहले उठ जाएं, सुबह योग, व्यायाम करने के बाद जल्दी नहाकर फ्रेश हो जाएं..उगते हुए सूरज को देखिए, सुबह चिड़ियों को देखिए, डिप्रेशन से आप पूर्णतः विजयी तो नहीं होंगे फ़िर भी आप आगे के लिए खुद को बेहतर कर पाएंगे। जब आपका मूड ेश होगा तो आप कुछ भी हासिल कर सकते हैं। जो अच्छा लगे वो कीजिए। समाने वाला जो करता है वही मुझे करना है इस धारणा से खुद को बचाकर रखिए..। अगर ये रात में अनावश्यक जागने का फैशन ट्रेंड में रहा तो देखिएगा दुनिया की आधी आबादी स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानियों से घिरी होगी। और यह समस्या बड़ी विकराल होगी...नींद की कमी से भी अवसाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। अपने घर परिवार आसपास लोगों को बताइए नींद का महत्त्व समझाएं, मैं ऐसे कितने लोगों को जानता हूँ जो रात में अनावश्यक जगते रहते थे, मेरे समझाने के बाद जल्दी सोने लगे हैं, योग, व्यायाम को तरजीह देने लगे हैं.। हालांकि कईयों के अवसाद का कारण आंतरिक समस्याएं भी हो सकती हैं, अतः आप चिकित्सकों का मार्गदर्शन लें, क्योंकि अवसाद को पूरी तरह से ठीक करने के लिए डॉक्टर की आवश्यकता होती है. (लेखक – दिलीप कुमार पाठक/ईएमएस)

शब्द पहेली - 8142



बाएँ से दाएँ

1.लालसा,मांग-3
3.मोटरगाड़ी-4
6.दरवाजे पर दी गई थाप-3
7.मां की माता-2
8.पार्थिव देह-2
10.संजय दत्त,जैकी श्रॉफ, माधुरी की फिल्म-5
12.स्वदेश,जन्मभूमि-3
15.पाबंदी,रोक-3
17.आश्चर्यचकित होना-5
20.नासिका-2
22.आनेवाला दिन-2
23.समतल-3
24.शमशीर, कृपाण -4
25.फिजूल,व्यर्थ-3

ऊपर से नीचे

2.दुर्जन,बेइमान-5
3.जिसके सिर पर बल न हो,गंजा-3
4.साहूकार,व्यापारी-4
5.जांच,परीक्षण-3
7.मां के पिता-2
9.लाश-2
11.तरुणी,किशोरी-3
13.कार्यविधि-3
14.बेइज्जत होना-2-3
15.हाथी साधने वाला -4
16.मेहंदी-2
18.ताकत,जोर-2
19.अभिनेत्री-3
21.कमी-3

शब्द पहेली -8141 का हल

प	र	व	र	दि	गा	र		
	च		ह		ड़ी		अ	
आ	ना		मा	ल	वा		दा	म
रा		म	न		न	ल		न
म	ही	न				ल	की	र
दे		न	स		ह	क		ख
ह	त्या		र	न	र		का	ना
	ग		ह		द		फि	
		ब	द	ना	म	क	र	ना

Jagrutidaur.com, Bangalore

खेल - समाचार

कानपुर टेस्ट मैच के दौरान स्टेडियम में बांग्लादेश फैन के साथ मारपीट !

कानपुर (ईएमएस)। यूपी के कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में शुक्रवार को भारत-बांग्लादेश क्रिकेट टेस्ट मैच देख रहे एक बांग्लादेशी प्रशंसक की कथित तौर पर पिटाई कर दी गई, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस बांग्लादेशी प्रशंसक को 'टाइगर रॉबी' के नाम से जाना जाता है। वह बाघ की वेशभूषा में था और स्टेडियम की सी ब्लॉक बालकनी में खड़ा था, जहां यह घटना हुई। मैच के दौरान यह देखा गया कि चिकित्सा अधिकारी और सुरक्षाकर्मी बांग्लादेशी प्रशंसक को स्टेडियम से बाहर ले जा रहे हैं। बाद में, उन्होंने उसे एक कुर्सी पर बिठाया और पानी पिलाया। हालांकि, कानपुर पुलिस ने आरोपों से इनकार करते हुए दावा किया कि उसके आरोप को सीसीटीवी फुटेज से सत्यापित किया जाएगा। अपर पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) हरीश चंदर के मुताबिक बांग्लादेशी प्रशंसक के शरीर में पानी की कमी हो गई थी और उसे अस्पताल ले जाया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बांग्लादेशी प्रशंसक गहरी सांस ले रहा था और जब एक पुलिस आरक्षी (कांस्टेबल) वहां पहुंचा तो वह (बांग्लादेशी प्रशंसक) उससे बात करने से पहले ही बेहोश हो गया, लेकिन अब वह ठीक है।

डीआएस फैसलों पर हैरान दिखे रोहित

कानपुर (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा यहां बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन लिए गये हो दो डीआएस फैसलों पर हैरान दिखे। इन दोनो में ही युवा तेज गेंदबाज आकाश दीप ने बांग्लादेश के दोनों सलामी बल्लेबाजों जाकिर हसन और शादमान इस्लाम को पेवेलियन भेज दिया।

रोहित उस अचंभे में पड़ गये जब आकाश दीप ने शादमान को 24 रन पर एलबीडब्यू की अपील करते हुए डीआरएस लेने के लिए कहा जिससे बाद रोहित ने इसे मान लिया। रोहित ने मैदानी अंपायर के फैसले की समीक्षा करने का फैसला किया। जिसके बाद शादमान को आउट करार दिया गया। इसके बाद रोहित के चेहरे पर राहत देखी गयी।

वहीं रोहित बांग्लादेश के नजमुल हुसैन शांतो द्वारा विवादास्पद समीक्षा से बचने के बाद निराश दिखे। सिराज ने गेंद फेंकी जो लेग स्टंप के बाहर पिच हुई पर तेजी से पीछे हट गई, शांतो के अंदरूनी किनारे को छूते हुए उनके पैड पर जा लगी। जब ऑन-फील्ड अंपायर ने एलबीडब्ल्यू अपील को अस्वीकार कर दिया, तो रोहित ने समीक्षा का विकल्प चुना, इस उम्मीद में कि पहले जैसा ही परिणाम आएगा। हालांकि बॉल-ट्रैकर ने संकेत दिया कि गेंद स्टंप के ऊपर से निकल रही है जिससे रोहित रीप्ले देखते समय निराश नजर आये।

युवराज ने खोला छह छक्के लगाने का राज , फ्लिंटॉफ के साथ हुई बहस से प्रेरित हुआ

नई दिल्ली (ईएमएस)। पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने आईसीसी टी20 विश्व कप 2007 के पहले ही मैच में इंग्लैंड के खिलाफ एक ही ओवर में छह छक्के लगाकर एक नया रिकार्ड बनाया था। उसी को लेकर युवराज ने माइकल वॉन और एडम गिलक्रिस्ट के साथ बातचीत में कहा कि उस दिन सभी गेंदें बल्ले के बीचों बीच आ रहीं थीं। उन्होंने तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में ये छ

शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

मुम्बई (ईएमएस)। घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले सकारात्मक संकेतों के बाद भी मुनाफावसूली हावी रहने से आयी है। आज कारोबार के दौरान एचडीएफसी और आईसीआईसीई बैंक के शेयर नीचे आये। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 264.27 अंक तकरीबन 0.31 फीसदी नीचे आकर 85,571.85 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, यह 142.13 अंक या 0.16 प्रतिशत चढ़कर 85,978.25 के नए रिकॉर्ड इंट्रा-डे उच्च स्तर पर पहुंचा था।

वहीं दूसरी ओर 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 37.10 अंकों करीब 0.14 फीसदी टूटटर 26,178.95 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के15 शेयर आज बढ़त पर बंद हुए। सन फार्मा, रिलायंस, टाइटन, एचसीएलटेकऔर बजाज फिनसर्व सेंसेक्स के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे। इसकेअलावा,एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, इंडसइंडबैंक,टाटास्टील,मारुति, टीसीएस, इंफोसिस, एसबीआई, एमएंडएम और आईटीसी के शेयर भी बढ़े।

दूसरी ओर सेंसेक्स के 15 शेयर नीचे आये। पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर सबसे अधिक गिरे। इसके अलावा, एलएंडटी, अदाणी पोर्ट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचयूएल, जेएसडब्यू स्टील, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनैंस, नेस्ले इंडिया, टाटा मोटर्स और टेक महिंद्रा के शेयर नीचे आये।

एशियाई बाजारों में, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग के शेयर ऊपर आये जबकि सियोल गिरावट पर बंद हुआ। यूरोपीय बाजार में भी तेजी रही। वहीं गत दिवस अमेरिकी बाजार बढ़त पर बंद हुए।

वहीं गत दिवस बाजार रिकॉर्ड तेजी पर बंद हुआ था। इससे पहले आज सुबह आईटी शेयरों में जोरदार खरीदारी और वैश्विक बाजारों में तेजी की वजह से सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में अपने नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 119.38 अंक चढ़कर 85,955.50 की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 34.5 अंक बढ़कर 26,250.55 पर पहुंच गया।

इशिबा बनेंगे जापान के अगले प्रधानमंत्री

टोकियो (ईएमएस)। जापान में रक्षा मंत्री रह चुके शिगेरू इशिबा अब देश के नए प्रधानमंत्री होंगे। शुक्रवार को लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के चुनाव में उन्होंने जीत दर्ज की। वे 1 अक्टूबर को संसद सत्र की शुरुआत के साथ पद संभालेंगे। दरअसल, जापान में सत्ताधारी पार्टी का अध्यक्ष ही प्रधानमंत्री चुना जाता है। एलडीपी पार्टी के पास संसद के दोनों सदनों में बहुमत है। ऐसे में पार्टी अध्यक्ष चुने गए इशिबा अब जुलाई 2025 तक पीएम पद पर रहेंगे। इसके बाद देश में आम चुनाव होंगे।

67 साल के इशिबा ने अपनी प्रतिद्वंदी सनाए तकाइची को 21 वोटों के अंतर से हराया। इशिबा को पार्टी सदस्यों के 215 वोट हासिल हुए। इशिबा इससे पहले भी 4 बार पार्टी लीडरशिप के लिए चुनाव लड़ चुके हैं।

2012 में वे शिंजो आबे के खिलाफ भी खड़े हुए थे, लेकिन उन्हें हर बार हार का सामना करना पड़ा। चुनाव जीतने के बाद इशिबा ने कहा कि अब पार्टी नए सिरे से खड़े होकर लोगों का भरोसा जीतेगी। मैं अपने कार्यकाल में देश की जनता से सच बोलूंगा। मैं देश को सुरक्षित और खुशहाल बनाने के लिए काम करता रहूंगा।

बारिश के कारण पहले दिन 35 ओवर ही खेल हो पाया, बांग्लादेश ने बनाये तीन विकेट पर 107

कानपुर (ईएमएस)। खराब रौशनी और बारिश के कारण भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल तय समय से पहले ही समाप्त हो गया। पहले दिन स्टंप्स घोषित किये जाने के समय बांग्लादेश ने तीन विकेट पर 107 रन बना लिए थे। मुशफिकुर रहीम 6 और मोमिनुल हक 40 रनों पर खेल रहे थे। इस प्रकार पहले दिन केवल 35 ओवर ही फेंके जा सके और दूसरे सत्र में बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा पर जब बारिश नहीं रुकी तो अंपायरों ने खेल समाप्त घोषित कर दिया गया। इस प्रकार लंच के बाद काफी कमय समय ही खेल हो पाया। बांग्लादेश ने लंच के बाद के सत्र में नौ ओवर के खेल में 33 रन बनाये थे। इस दौरान उसने कप्तान नजमुल हसन शंटो का विकेट खो दिया। शंटो ने 31 रन बनाये थे। वहीं बांग्लादेश ने लंच तक अपनी पहली पारी में 2 विकेट पर 74 रन बना लिए थे। लंच के समय मोमिनुल हक 17 और कप्तान नजमुल हसन शांतो 28 रनों पर खेल रहे थे।

इससे पहले आज सुबह भारतीय टीम ने टॉस जीत कर बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। बारिश और खराब मौसम के कारण मैच निर्धारित समय से एक घंटा देर से शुरु हुआ। गत दिवस हुई बारिश के कारण मैदान को सुखाने के काफी प्रयास किये गये तभी खेल शुरु हो पाया। दो टेस्ट मैचों की इस सीरीज भारतीय टीम पहला टेस्ट जीतकर 1-0 से आगे है। इस मैच के लिए भारतीय टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया जबकि बांग्लादेश ने दो बदलाव किये।

बांग्लादेश ने नाहिद राणा और तस्कीन अहमद के स्थान पर तैजुल इस्लाम और खालिद को शामिल किया। इस मैदान पर साल 1964 के बाद यह पहली बार है जब किसी भी टीम ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया है।

प्रमोटर शेयर बेचकर कर रहे हैं, मुनाफा वसूली

प्रमोटरों ने बुधवार को बेचे 40000 करोड रुपए के शेयर

मुंबई (ईएमएस)। भारतीय शेयर बाजार आसमान की ओर तेजी के साथ बढ़ रहा है। भारतीय शेयर बाजार ने अभी तक की सबसे लंबी उड़ान भरी है। बुधवार को शेयर बाजार 85930 अंक के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया था। शेयर बाजार की इस स्थिति को देखते हुए कई कंपनियों के प्रमोटरों ने अपने शेयर बेचकर मुनाफा वसूली का खेल शुरू कर दिया।

मुनाफा वसूली के इस खेल में इंडिगो, गौतम अडानी की अंबुजा सीमेंट, बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि फूड्स, ईजी ट्रिप प्लानर्स, वेलस्पून लिविंग, सायंट डीएलएम जैसी कंपनियों ने सितंबर तिमाही खत्म होने के पहले ही 40000 करोड रुपए के शेयर बेचकर भारी मुनाफा कमाया है।

शेयर बाजार में जिस तरह से छलांग लगाई है। उसके बाद से कंपनियों का वैल्यूएशन काफी बढ़ गया है। कंपनियों के पास नगदी का भंडार जमा हो गया है। कंपनियों को समझ नहीं आ रहा है कि वह कहां निवेश करें। जिस तरह से शेयर बाजार उड़ान भर रहा है। उसके बाद आशंका व्यक्त की जा रही है, शेयर बाजार गिरेगा, तो किसी को संभलने का मौका नहीं मिलेगा। ऐसी स्थिति में कंपनियों के पास भारी नगदी जमा हो गई है। इक्विटी फंड्स मैनेजर के पास बड़ी मात्रा में नगदी जमा है। उन्हें समझ नहीं आ रहा है, कि वह अपनी नगदी को कहां निवेश करें। क्वांट के पास 17103 पराग पारीक के पास 13971 मोतीलाल ओसवाल के पास 7168 आईसीसी के पास 30357 और एचडीएफसी के पास 25013 करोड रुपए का कैश जमा हो गया है। किसके कारण शेयर बाजार में अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है। कारोबार के अंतिम दिन शुक्रवार को बाजार में गिरावट देखने को मिल रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि मुनाफा वसूली शेयर बाजार में बड़े पैमाने पर हो रही है। जिसके कारण बाजार में गिरावट देखने को मिल रही है।

इथेनाल के भाव और चीनी की एमएसपी बढ़ाएगी सरकार

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र सरकार इस वित्त वर्ष इथेनॉल की कीमत और चीनी के न्यूनतम बिक्री मूल्य (सुगर एमएसपी) बढ़ाने के बारे में विचार कर रही है। खाद्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि इथेनॉल की कीमत बढ़ाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। पेट्रोलियम मंत्रालय इस मामले पर विचार कर रहा है। एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से मंत्री ने यह भी कहा किया कि सरकार चीनी के न्यूनतम विक्रय मूल्य को बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है, जो फरवरी 2019 में स्थापित दर 31 रुपये प्रति किलोग्राम के बाद से अपरिवर्तित हैं। फिलहाल केन जूस से बनने वाले एथेनॉल का भाव 65.61 रुपये प्रति लीटर है, वहीं बी हैवी मोलैसेज से बनने वाले एथेनॉल का भाव 60.73 और सी हैवी मोलैसेज से बनने वाले एथेनॉल का भाव 56.28 रुपये प्रति लीटर है। वहीं चीनी के उत्पादन को लेकर केंद्रीय मंत्री ने उम्मीद जताई कि 2024-25 सीजन में उत्पादन बेहतर रह सकता है। उनके मुताबिक बेहतर मॉनसून की वजह से ये संभव है। उनके मुताबिक कीमतों को लेकर इन कदमों से भारत के इथेनॉल ब्लेंडिंग को लेकर पहल को बढ़ावा मिलेगा और शुगर सेक्टर को जरूरी राहत मिलेगी। बता दें कि वर्तमान में भारत सरकार ने पेट्रोल में 20 फीसदी इथेनाल ब्लेंडिंग को मंजूरी दी है।

कनाडा में फिर होगी कनिष्क बॉम्बिंग की जांच! हिंदू सांसद ने किया विरोध

329 लोगों को उड़ाने वाले खालिस्तानी आतंकियों को क्लीन चिट देने का प्रयास

ओटावा,(ईएमएस)। कनाडा में कनिष्क बॉम्बिंग से जुड़ी जांच को फिर खोलने का प्रयास किया जा रहा है। खालिस्तान समर्थक आतंकियों की ओर से 23 जून 1985 को एयर इंडिया फ्लाइट-182 में धमाका किया गया था। आतंकियों के इस हमले में 329 लोगों की मौत हो गई थी लेकिन अब एक नई जांच की मांग खालिस्तान आतंकियों को क्लीन चिट देने के लिए की जा रही है।

इसे लेकर कनाडा में हिंदू सांसद अपनी ही पार्टी पर भड़के गए हैं। उन्होंने कहा कि पहले दो जांच हो चुकी हैं जो खालिस्तान आतंकियों को इसके लिए दोषी ठहरती हैं। अब संसद पोर्टल पर एक नई जांच की मांग की गई है जो कॉन्सपिरेसी थ्योरी को बढ़ावा देती है। कनाडा के लिबरल पार्टी के सांसद सुख धालीवाल ने कनिष्क बॉम्बिंग की नए सिरे से जांच की मांग करते हुए इस याचिका को स्पॉन्सर किया है।

इस मांग से पहले दूसरी जांच में पाया गया था कि कनाडा स्थिति खालिस्तान आतंकियों ने हमले को अंजाम दिया था। पहली जांच में भी यही पता चला था कि बम धमाकों में खालिस्तान आतंकियों का हाथ था। अब नई याचिका इस बम धमाके का आरोप भारत सरकार के एजेंट्स पर लगाना चाहती है, जिसे पहले ही कनाडा सरकार नकार चुकी है।

चंद्रा आर्य ने कहा कि 39 साल पहले एयर इंडिया फ्लाइट 182 को कनाडाई खालिस्तान चरमपंथियों की ओर से लगाए गए बम से हवा में उड़ा दिया गया था। इसमें 329 लोग मारे गए थे। कनाडा के इतिहास में यह सबसे बड़ी सामूहिक हत्या है। इस आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार विचारधारा आज भी कनाडा में कुछ लोगों के बीच जिंदा है। कनाडा की दो सार्वजनिक जांचों में खालिस्तान चरमपंथियों को विमान को बम से उड़ाने के लिए जिम्मेदार पाया गया था। अब संसद पोर्ट पर एक याचिका दायर की गई है, जिसमें खालिस्तान चरमपंथियों की ओर से प्रचारित कॉन्सपिरेसी थ्योरी को बढ़ावा देने वाली एक नई जांच की मांग की गई है।

चंद्रा आर्य ने कहा कि हमले में रमा नाम की महिला मारी गईं, जिनके पति ने कहा कि यह याचिका निराशाजनक है। यह पुराने घावों को फिर से हरा कर देगी। यह सब कचरा है। आतंकी गतिविधियों के लिए प्रचार और समर्थन हासिल करने की कोशिश है। कनाडा की सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जॉन सी. मेजर ने ए कैनेडियन ट्रेजेडी में लिखा- ऑपरेशन ब्लू स्टार के कारण भारत सरकार के खिलाफ प्रतिशोध के रूप में सिख चरमपंथियों की ओर से बॉम्बिंग की गई थी। उनका यह कहना उस दावे को खारिज करता है कि बम धमाके में भारतीय एजेंट्स शामिल थे।

लेबनान के विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में लगाई गुहार....इस जंग से हमारे अस्तित्व पर खतरा

इजरायल ने युद्ध विराम को खारिज किया

जेनेवा (ईएमएस)। लेबनान के विदेश मंत्री अब्दुल्ला बुहाबिब ने इजरायल और हिज्बुल्लाह के बीच युद्ध विराम की बात कह कर चेतावनी दी कि उनका देश उस संकट का सामना कर रहा है, जो उसके अस्तित्व के लिए खतरा है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित कर बुहाबिब ने कहा, हमारे लोगों का भविष्य और हमारी समृद्धि खतरे में है। यह ऐसी स्थिति है, जिसमें तत्काल आधार पर अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप की जरूरत है, इसके पहले कि स्थिति नियंत्रण से बाहर हो और इस संकट को रोकना नामुमकिन हो जाए। बुहाबिब का यह बयान तब आया है, जब इजरायल ने वैश्विक स्तर पर युद्ध विराम के आह्वान को खारिज कर दिया।

इजरायल के रुख के बावजूद, अमेरिका और फ्रांस ने 21 दिवसीय तत्काल युद्धविराम की उम्मीदों को जिंदा रखने की कोशिश की और कहा कि न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र की बैठक के दौरान भी वार्ता जारी रहेगी। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि एक इजरायली लड़ाकू विमान ने बेरूत के किनारों पर हमला किया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और 15 लोग घायल हो गए, जिसमें एक महिला की हालत गंभीर है।

वहीं इजरायली सेना ने कहा कि शुक्रवार को सुबह सायरन और विस्फोटों की आवाज सुनने के बाद यमन से दागी गई मिसाइल को रोक दिया।

सरकार ने व्यक्तिगत जानकारी उजागर करने वाली कुछ वेबसाइट ब्लॉक की

- सरकार ने वेबसाइट में कुछ खा?मियां पाए जाने के कारण ब्लॉक करने का ?लिया फैसला

नई दिल्ली (ईएमएस)। सरकार ने भारतीय नागरिकों के आधार और पैन कार्ड विवरण सहित संवेदनशील व्यक्तिगत पहचान-योग्य जानकारी को उजागर करने वाली कुछ वेबसाइट को ब्लॉक कर दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत संचालित भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) ने इन वेबसाइट में सुरक्षा खामियां पाई थीं। उसके बाद सरकार ने इन वेबसाइट को ब्लॉक करने का कदम उठाया है। बयान के मुताबिक मंत्रालय के संज्ञान में आया है कि कुछ वेबसाइट भारतीय नागरिकों के आधार और पैन कार्ड विवरण सहित संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारियों को उजागर कर रही थीं। इस मामले को गंभीरता से लिया गया है क्योंकि सरकार सुरक्षित साइबर सुरक्षा व्यवहार और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। इसके अनुरूप इन वेबसाइट को ब्लॉक करने के लिए त्वरित कार्रवाई की गई है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आधार (वित्तीय और अन्य सब्सिडी, लाभ और सेवाओं का लक्षित वितरण) अधिनियम, 2016 के तहत आधार से जुड़े विवरण के सार्वजनिक प्रदर्शन पर रोक संबंधी प्रावधान के उल्लंघन पर संबंधित पुलिस अधिकारियों के पास शिकायत दर्ज कराई है। बयान में कहा गया है, सीईआरटी-इन ने इन वेबसाइट के विश्लेषण से कुछ सुरक्षा खामियां उजागर की हैं। संबंधित वेबसाइट मालिकों को आईसीटी अवसंरचना को मजबूत करने और खामियों को दुरुस्त करने के लिए उनके स्तर पर की जाने वाली कार्रवाई के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया है। आईटी अधिनियम के तहत कोई भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित पक्ष शिकायत दर्ज करने और मुआवजे की मांग करने के लिए निर्णायक अधिकारी से संपर्क कर सकता है। राज्यों के आईटी सचिवों को निर्णायक अधिकारी के रूप में अधिकार दिया गया है। पिछले हफ़्ते एक साइबर सुरक्षा शोधकर्ता ने दावा किया था कि स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के अधिकारियों ने 3.1 करोड़ ग्राहकों का डेटा बेचा है।

हूती विद्रोहियों ने इजराइल पर दागी मिसाइल, किसी के मारे जाने की जानकारी नहीं

तेल अवीव,(ईएमएस)। इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष जारी है। इस बीच हिजबुल्लाह का साथ देने हूती विद्रोही भी मैदान में आ गए हैं। इजरायली डिफेंस फोर्स का कहना है कि यमन से इजरायल पर निशाना साधते हुए सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल दागी गई लेकिन एरो एयर डिफेंस सिस्टम ने इसे हवा में ही मार गिराया। सेना के मुताबिक मिसाइलों को देश की सीमा से बाहर ही गिरादिया। इजरायली सेना ने यह भीदावाकिया कि हमले के बाद होम फ्रंड कमांड से कोई नए निर्देश नहीं आए हैं।साथहीकिसी के घायल होने की जानकारी भी नहीं है। कुछ लोग अचानक हमले से तनाव में हैं या फिर शेल्टर में जाने के दौरान गिरने से घायल हुए हैं। हूती विद्रोहियों का कहना है कि उनके सैन्य प्रवक्ता जल्द ही हमले को लेकर जानकारी देंगे। गाजा युद्ध के बाद से हूती और हिजबुल्लाह हमास का समर्थन करते रहे हैं।

हिजबुल्लाह हमास के समर्थन में इजरायल पर हमले करता रहा है लेकिन अभी तक यह हमले बड़े नहीं थे लेकिन पिछले सप्ताह गाजा में पेजर और वॉकी-टॉकी धमाके के बाद युद्ध तेज हो गया है। हिजबुल्लाह का आरोप है कि इजरायल ने ही उसके इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस में विस्फोट किया। वहीं इस सप्ताह इजरायल ने लेबनान में एयर स्ट्राइक की है, जिसमें अब तक 500 से ज्यादा आम नागरिक मारे गए हैं। इसमें हिजबुल्लाह के कितने लोग हैं और आम नागरिक कितने इसका कोई पता नहीं चल सका है।

मान गए मोहम्मद यूनुस बोले- हसीना को साजिश के तहत हटाया

ढाका(ईएमएस)। बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस ने मान लिया है कि शेख हसीना को सत्ता से हटाने के लिए साजिश रची गई थी। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन बेहद अच्छे से प्लान किया एक आंदोलन था, जिसमें किसी एक शख्स लीडर बनाकर गिरफ्तार नहीं किया गया। इस वजह से पूरे देश के युवाओं को प्रेरणा मिली और यह आंदोलन और भी शक्तिशाली बन गया। इसके बाद यूनुस ने मीटिंग में अपने असिस्टेंट महफूज आलम का परिचय देते हुए कहा कि इसके लिए हम दोनों जिम्मेदार थे। अमेरिका में क्लिंटन ग्लोबल इनिशिएटिव की मीटिंग को संबोधित करते हुए यूनुस ने बांग्लादेश के छात्र नेताओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि वे लोग बांग्लादेश का नया रूप तैयार कर रहे हैं।

स्थानीय मीडिया के मुताबिक चीफ एडवाइजर ने कहा कि अगर आप इन स्टूडेंट लीडर्स के चेहरों को देखेंगे तो ये आम युवाओं की तरह देखेंगे। लेकिन जब ये बोलना शुरू करेंगे तो आप कांप जाएंगे। इन्होंने अपने भाषणों और अपने समर्पण से पूरे देश को हिलाकर रख दिया। यूनुस बोले-आंदोलन के पीछे मेरे असिस्टेंट महफूजकादिमागयूनुसनेकहा, पूरे आंदोलन के पीछे महफूज का दिमाग था। हालांकि, वह इस बात को नकारता रहता है, लेकिन इसीतरहसेउसेपहचानमिलीहै। यह आंदोलन अचानक से नहीं शुरू हुआ। इसे पूरे अहतियात के साथ डिजाइन किया गया था। आंदोलन की लीडरशिप भी इसी के तहत तैयार की गई थी। किसी को नहीं पता कि यह लीडर कौन था।इसके बाद युनूस ने सभी छात्र नेताओं के लिए तालियां बजवाईं और आगे के लिए शुभकामनाएं दीं। रिपोर्ट के मुताबिक, चीफ एडवाइजर ने शेख हसीना की सरकार के दौरान छात्र नेताओं पर हुए हमलों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ये नेता गोलीबारी के बावजूद पूरी बहादुरी के साथ खड़े रहे।

ईश निंदा पर सजा की मांग करने वाला...मौलाना अब खुद मांग रहा माफी

इस्लामाबाद (ईएमएस)। देश के इस्लामी विद्वान तारिक मसूद अपने ही दिए गए बयानों के चक्रव्यूह में फंसे हैं। मसूद पर ईश निंदा का आरोप लगा है। जब उनके लिए ईशनिंदा की सजा की मांग हुई, तब उन्होंने माफी मांग ली, लेकिन वे अपने ही उस बयान में फंस गए कि ईश निंदा करने वाले व्यक्ति को माफ नहीं मिलानी चाहिए। इधर माफी मांगने के बावजूद लोग उन्हें माफ करने को राजी नहीं हैं। इसके बाद तारिक मसूद अपने घर से फरार हो गए हैं। आरोप है कि उन्होंने कुरान और पैगंबर के बारे में गलतबयानी की थी।

बता दें कि ये पाकिस्तान के वहीं मौलाना मसूद हैं,जो पैगंबर मोहम्मद और कुरान के अपमान करने वालों को तत्काल जान से मारने की बात करते थे। हालांकि, जब अपनी जान पर बनी, तब माफी की बात कर रहे हैं। मौलाना मसूद का वीडियो सामने आने के बाद पाकिस्तान में उनका विरोध शुरू हो गया है। इससे पहले उन्होंने कहा था, अगर किसी ने माफी मांगी भी है,तब हम यह नहीं कह सकते कि यह दिल से है या सिर्फ दिखावे के तौर पर है, इसलिए ईश निंदा कानून के अनुसार सजा मिलनी चाहिए।'

फरार होने के दौरान मौलाना माफी मांगते हुए वीडियो जारी कर रहे हैं और सभी से उनके शब्दों को संदर्भ के अनुसार समझने की अपील कर रहे हैं। मौलाना ने कहा था, मुफ्ती तारिक मसूद ने गुस्ताखी के लिए सभी मुसलमानों से माफी मांगी, मैं अपने शब्द वापस लेता हूं। ध्यान रहे कि मौलाना मुफ्ती तारिक मसूद देवबंदी विचारधारा से जुड़े एक पाकिस्तानी धार्मिक विद्वान हैं। तारिक मसूद तब्लीगी जमात से भी जुड़े हुए हैं।

सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट

नई दिल्ली (ईएमएस)। सोने-चांदी के वायदा भाव में शुक्रवार को सुस्ती देखी जा रही है। दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 75,350 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 92,400 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वै?श्विक बाजार में सोने के भाव तेज शुरुआत के बाद सुस्त पड़ गए। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ ही हुई। सोने के वायदा भाव की शुरुआत सुस्ती के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रेक्ट 11 रुपये की गिरावट के साथ 75,376 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 26 रुपये की गिरावट के साथ 75,361 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 335 रुपये की गिरावट के साथ 92,329 रुपये पर खुला। इस यह 275 रुपये की गिरावट के साथ 92,389 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वै?श्विक बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। लेकिन बाद में इसके भाव गिर गए। चांदी के भाव गिरावट के साथ खुले। कॉमेक्स पर सोना 2,695.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,694.90 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 3.30 डॉलर की गिरावट के साथ 2,691.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 32.31 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 32.34 डॉलर था। इस समय यह 0.12 डॉलर की गिरावट के साथ 32.22 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

चीन की परमाणु पनडुब्बी डूबने के दावे पर अमेरिका बोला ड्रैगन के लिए यह शर्मनाक

वाशिंगटन,(ईएमएस)। इसी साल मई या जून में चीन की एक पनडुब्बी समुद्र में समा गई। यह घटना वुहान के पास वुचांग शिपयार्ड में हुई। इस घटना का खुलासा सैटेलाइट तस्वीरों से हुआ है। डूबने वाली पनडुब्बी झाओ क्लास की थी और परमाणु ऊर्जा से चलती थी। रिपोर्ट के मुताबिक चीनी अधिकारियों ने पनडुब्बी हादसे को छिपाने की काफी कोशिश की होगी। यही वजह है कि खुलासे में देर हुई। वॉशिंगटन में चीनी ऐंबैसी के प्रवक्ता ने इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि उनके पास इससे जुड़ी कोई जानकारी नहीं है।

16 मई के बाद लापता हुआ सबमरीन 10 मार्च को मैक्सार टेक्नोलॉजीज की सैटेलाइट इमेज में झाउ-क्लास सबमरीन को वुहान के पास शिपयार्ड में खड़ा देखा गया था। इस सबमरीन को उसकी लंबी टेल से पहचाना जाता है। इसके बाद इसे प्लैनेट लैब्स की सैटेलाइट इमेज में 16 मई को भी देखा गया। जून के आखिर में यहां की और तस्वीरें ली गईं, जिसमें इसे नहीं देखा गया। सैटेलाइट इमेज पर रिसर्च करने वाले टॉम शुगार्ट ने सबसे पहले इसकी जानकारी दी। इसके बाद वॉल स्ट्रीट जर्नल ने इस पर स्टोरी की।शुगार्ट ने कहा कि पहले उन्हें लगा कि कोई पनडुब्बी डूब गई होगी, लेकिन बाद में पता चला कि वह तो परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बी थी। उन्होंने कहा-क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि सैन डिएगो में एक अमेरिकी परमाणु पनडुब्बी डूब जाए और सरकार इसे दबा दे और किसी को इसके बारे में न बताए? ये मुमकिन नहीं है।

पनडुब्बी को लेकर चीन ने कोई जानकारी नहीं दी वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक पनडुब्बी को बचा लिया गया है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि इसे फिर से काम पर लगने में कई महीने लग सकते हैं। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने भी अब तक इस घटना की कोई पुष्टि नहीं की है।अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि यह पता नहीं चल पाया है कि इसके डूबने का कारण क्या था। जब ये डूबी तब उसमें न्यूक्लियर फ्यूल था या नहीं इसकी भी जानकारी नहीं है। इस हादसे में कोई हताहत हुआ या नहीं इसका भी पता नहीं चला है।

रूस ने बदली परमाणु नीति, हवाई हमले का जवाब परमाणु हथियारों से देगा

पुतिन बोले-परमाणु हथियार नागरिकों की सुरक्षा की सबसे बड़ी गारंटी

मॉस्को,(ईएमएस)। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिम देशों को परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी दी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पुतिन ने मॉस्को में सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाई थी। इसमें उन्होंने कहा कि सरकार परमाणु हथियारों के इस्तेमाल से जुड़े नियम और शर्तों को बदलने जा रही है। परमाणु नियमों में कई नई चीजें जोड़ी जाएंगी। इसमें रूस के खिलाफ मिसाइल या फिर ड्रोन हमलों के खिलाफ परमाणु हथियारों का इस्तेमाल भी शामिल है।

उन्होंने कहा अगर रूसी इलाके में बड़े पैमाने पर मिसाइल या ड्रोन हमला होता है, जिससे देश की संप्रभुता पर गंभीर खतरापैदाहोसकता है, तब भी रूस परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। पुतिन ने ये भी कहा कि यदि कोई गैर-परमाणु संपन्न देश किसी परमाणु संपन्न देश के समर्थन से रूस पर हमला करता है तो इसे दोनों देशों की तरफ से किया गया हमला माना जाएगा। उन्होंने कहा कि रूस के परमाणु हथियार, देश और उसके नागरिकों की सुरक्षा की सबसे बड़ी गारंटी हैं।

पुतिन ने आगे कहा कि परमाणु नीति में बदलाव समय की मांग है। पुतिन का ये बयान तब आया है, जब यूक्रेन पश्चिमी देशों से रूस में दूर तक हमला करने वाली मिसाइलों के इस्तेमाल की इजाजत मांग रहा है। पुतिन ने कहा कि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की शर्तों में बदलाव जरूरी था, क्योंकि दुनिया तेजी से बदल रही है। यूक्रेन को ब्रिटेन ने स्टॉर्म शैडो, अमेरिका ने आर्मी टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम मिसाइलें दी हुई हैं। ये लंबी दूरी की घातक मिसाइलें हैं। यूक्रेन इन मिसाइलों का इस्तेमाल रूस में नहीं, बल्कि सिर्फ अपनी सीमा के अंदर ही कर सकता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की चाहते हैं कि इन प्रतिबंधों को हटाया जाए, ताकि वे रूस के अंदर लंबी दूरी के हथियारों का इस्तेमाल कर सकें।

क्रेसंडा रेलवे ने भारतीयम डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ ऐतिहासिक वितरण करार किया

27 एजूसी 2024: **Mumbai, India** -क्रेसंडा रेलवे सॉल्यूशंस लिमिटेड (बीएसई:512379) की एक प्रमुख सहायक कंपनी क्रेसंडा रिटेल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (जो पहले में क्रेसंडा फूड सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जानी जाती थी) (सीआरएसपीएल), ने भारत के उत्तरी क्षेत्र में केम्पा (रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट लिमिटेड के उत्पाद) और उससे जुड़े उत्पादों की बिक्री और वितरण के लिए भारतीयम डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड (बीडीपीएल) के साथ बडा वितरण करार किया है।

बीडीपीएल केसाथ विशेष समझौते के तहत, सीआरएसपीएल पांच प्रमुख उत्तर रेलवे डिवीजनों: दिल्ली, अंबाला, लखनऊ, फिरोजपुर और मोरादाबाद में सीएएमपीए की एरेटेड ड्रिंक्स, जूस, मिनरल वॉटर और एनर्जी ड्रिंक्स वितरित करेगी। 6,807 किलोमीटर और 141 रेलवे स्टेशनों से अधिक में फैला यह व्यापक नेटवर्क आङ्ग राज्यों तक पहुंचता है: हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, दिल्ली, जम्मू और कश्मीर और अन्य। यह समझौता केम्पा प्रोडक्ट्स को भारत के सबसे महत्वपूर्ण रेलवे क्षेत्रों में से एक में व्यापक दृश्यता और पहुंच प्रदान करेगा, जहां 22 लाख यात्रियों के साथ 1,926 से अधिक दैनिक ट्रेनें चलती है।

बीडीपीएल कोन्ट्राक्ट के अलावा, सीआरएसपीएल ने पतंजलि के लोकप्रिय पैकेज्ड मिनरल वाटर ङ्कदिव्य जलङ्क को वितरित करने के लिए पतंजलि पेय के साथ एक विशेष वितरक समझौता भी किया है। पहले से ही, सीआरएसपीएल पूर्वी रेलवे क्षेत्र में एक्वा मिनरल डायमंड वॉटर की 1.5 लाख पेटियां (18 लाख बोतलें) वितरित करता है। इस समझौते के साथ, सीआरएसपीएल यात्रियों के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रोडक्ट्स के साथ पैकेज्ड वॉटर के अत्यधिक संतृप्त और प्रतिस्पर्धी बाजार में अपनी स्थिति में सुधार की उम्मीद कर रही है।

शिया-सुन्नी विवादः अब तक 36 की मौत, 80 से ज्यादा घायल

इस्लामाबाद(ईएमएस)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के कुर्रम जिले में शिया और सुन्नी मुसलमानों के बीच जमीनी विवाद में कम से कम 36 लोग मारे गए हैं। 80 से ज्य

आरक्षण पर राहुल गांधी के बयान के विरोध में मुख्यमंत्री काली पट्टी बांधकर धरने में शामिल होंगे

अहमदाबाद,27 सितंबर

कांग्रेस नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने अपने अमेरिकी दौरे के दौरान आरक्षण पर हालिया बयान देकर एक नए विवाद को जन्म दे दिया है.

राहुल गांधी के बयान का विरोध गुजरात में भी देखने को मिल रहा है. इस बयान के खिलाफ खुद राज्य के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने धरना देने का ऐलान किया है. आज अहमदाबाद में शहर बीजेपी की ओर से एक रैली और धरने का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री भी शामिल हुए.

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अमेरिका में आरक्षण पर दिए गए बयान को लेकर आज अहमदाबाद में शहर भाजपा की ओर से रैली और धरने का आयोजन किया गया.

इस धरना कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल भी शामिल हुए. यह पहली बार था कि राज्य के मुख्यमंत्री सीधे किसी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए थे. हालांकि इस धरने में अहमदाबाद पश्चिम लोकसभा के दलित सांसद दिनेश मकवाना नदारद रहे. अहमदाबाद के सुभाष ब्रिज पर आज शहर बीजेपी की ओर से एक मौन रैली का आयोजन किया गया. साथहीधरनाकार्यक्रमके तहत आरटीओ सर्किल पर राहुल गांधी की फोटो के साथ कांग्रेस के आरक्षण विरोधी चेहरे के नारे वाले बैनर लगाए गए.

रैली में मौजूद बीजेपी नेताओं ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर हमला बोला. असारवा के पूर्व विधायक प्रदीप परमार ने कहा कि जो व्यक्ति देश की संस्कृति नहीं जानता, वह सांसद बन गया है.

राहुल गांधी ने विदेश जाकर देश की संस्कृति एससी, एसटी और ओबीसी जाति का विरोध किया है. कांग्रेस का इतिहास हमेशा दलितों और बाबा साहेब अम्बेडकर के खिलाफ रहा है। राहुल गांधी के बयान पर बीजेपी ने विरोध की रणनीति बनाई है.बीजेपी के एक नेता ने कहा किबीजेपी ने इस मुद्दे पर रैलियां, धरना और विरोध प्रदर्शन करने की भी योजना बनाई है.अहमदाबाद के अलावा पाटन में भी राहुल गांधी के आरक्षण को लेकर दिए गए बीजेपी के बयान के खिलाफ प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया.

गुजरात में होगी 14,820 पुलिस कर्मचारियों की भर्ती, गृह राज्य मंत्री ने किया ऐलान

गांधीनगर, 27 सितंबर

गुजरात में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले और गुजरात पुलिस बल में शामिल होने के इच्छुक युवाओं के लिए राज्य सरकार द्वारा आज एक बड़ा फैसला लिया गया है। गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने आज कहा कि वर्ष 2025 में राज्य पुलिस बल में 14820 और सिविलियन स्टाफ के 245 पदों पर सीधी भर्ती की जायेगी। यह सीधी भर्ती प्रक्रिया विभिन्न संवर्गों के कुल 12472 पदों पर चल रही राज्य पुलिस बल, वर्ग-छ्छ सीधी भर्ती के पूरा होने के बाद की जाएगी।

उन्होंने बताया कि गृह विभाग द्वारा वर्ष 2025 में भरे जाने वाले पदों में एसआरपीएफ के 129 सशस्त्र पीएसआई, 126 वायरलेस पीएसआई, 35 एमटी पीएसआई, 551 तकनीकी ऑपरेटर, 45 हेड कांस्टेबल ड्राइवर मैकेनिक ग्रेड-1, 26 मोटर ट्रांसपोर्ट विभिन्न शामिल हैं। पर्यवेक्षक, ग्रेड-2, 135 हेड कांस्टेबल ड्राइवर मैकेनिक ग्रेड-2, 7218 निहत्थे पुलिस कांस्टेबल, 3010 सशस्त्र पुलिस कांस्टेबल, एसआरएफपी के 3214 सशस्त्र पुलिस कांस्टेबल, 300 जेल सिपाही (पुरुष) और 31 जेल सिपाही (महिला) सहित पद आए हैं। इसके अलावा वर्ष-2025 में पुलिस विभाग कार्यालयों के वरिष्ठ लिपिक के 45 पद और कनिष्ठ लिपिक के 200 पद कुल 245 पदों पर गुजरात माध्यमिक सेवा चयन बोर्ड द्वारा सीधी भर्ती की जाएगी।

पर्यटन क्षेत्र में गुजरात की एक और उपलब्धि

छोटा उदेपुर जिले की कवांट तहसील के 'हाफेश्वर' गांव को मिला ''सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम'' पुरस्कार

गांधीनगर (ईएमएस) केंद्र सरकार के पर्यटन मंत्रालय की ओर से आज विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता 2024 के अंतर्गत गुजरात के छोटा उदेपुर जिले की कवांट तहसील के 'हाफेश्वर' गांव को हेरिटेज श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। हाफेश्वर वही स्थान है, जहां से मां नर्मदा गुजरात में प्रवेश करती है। पर्यटन मंत्री मुलुभाई बेरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में राज्य में पर्यटन स्थलों का बहुमुखी विकास कर पर्यटन विकास की एक नई दिशा खोली है। इसके परिणामस्वरूप गुजरात के छोटे से गांव हाफेश्वर ने आज पर्यटन क्षेत्र में विश्व स्तर पर विशेष स्थान प्राप्त किया है। इस विकास को आगे बढ़ा रहे मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में आज गुजरात के पर्यटन-मुकुट में एक और नगीना जुड़ गया है, जो सभी गुजरातियों के लिए गौरव की बात है। पर्यटन मंत्री मुलुभाई बेरा ने कहा कि छोटा उदेपुर जिले के एक छोटे से गांव हाफेश्वर ने आज एक बार फिर 'कुछ दिन तो गुजारिये गुजरात में' मंत्र को साकार किया है। वर्तमान में गुजरात पर्यटन निगम द्वारा हाफेश्वर को 10 करोड़ रुपए के बजट के साथ पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का काम प्रगति पर है। इस प्रोजेक्ट के तहत पर्यटकों की सुविधाओं के लिए पार्किंग, वाटर जेटी, घाट, कैफेटेरिया, गार्डन और वॉक-वे का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सतपुड़ा और विंध्याचल पर्वतमालाओं के बीच से होकर मां नर्मदा नदी प्रकृति की गोद में बसे हाफेश्वर गांव से होकर गुजरात में प्रवेश करती है, जो छोटा उदेपुर के मुख्य शहर से 40 किलोमीटर दूर कवांट तहसील में स्थित है। यहां एक प्राचीन शिव मंदिर है, जो सरदार सरोवर बांध के डूब क्षेत्र में नर्मदा के पानी में लगभग डूबी हुई स्थिति में है। फिलहाल यहां नाव की सवारी कर केवल मंदिर के ध्वज को ही देखा जा सकता है। बाद में वर्ष 2002 में इस मंदिर की मूर्तियों को एक नए और भव्य मंदिर में स्थानांतरित किया गया, जो डूबे हुए मंदिर से डेढ़ किलोमीटर दूर बनाया गया है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि एक अनुमान के अनुसार गुजरात में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी-एकता नगर आने वाले पर्यटकों में से सालाना लगभग 1 लाख पर्यटक हाफेश्वर घूमने आते हैं। पर्यटक इस गांव के नजदीक स्थित कडीपानी, तुरखेड़ा हिल, नखल झरना और धारसिमेल झरना जैसे अन्य दर्शनीय स्थलों को भी देखने के लिए आते हैं। यह गांव अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहन देते हुए उसके संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। आदिवासी आबादी वाला गांव होने के परिणामस्वरूप इस गांव में पीढ़ी-दर-पीढ़ी विकसित होने वाली पुरानी परंपराएं और सांस्कृतिक पहचान आज भी बरकरार है। ग्रामीण जन समय-समय पर आदिवासी समुदाय के मेलों का आयोजन कर अपनी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखते हैं। पर्यावरणीय स्थिरता को प्रोत्साहन तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ-साथ सरकार और स्थानीय प्रशासन द्वारा यहां पर्यटकों के लिए अनेक नई पहलें की जा रही हैं, जिनमें ग्राम पंचायत द्वारा गांव की नियमित सफाई, वृक्षारोपण और जैव विविधता संरक्षण आदि शामिल हैं। बेरा ने बताया कि पर्यटन के माध्यम से सामाजिक समानता को बढ़ावा देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाने के लिए इस गांव ने विभिन्न नीतियां क्रियान्वित करने के साथ ही कई कदम भी उठाए हैं। गांव में कार्यरत हाफेश्वर मंदिर समिति द्वारा महिलाओं को और अधिक सशक्त बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने और उनकी आर्थिक स्वतंत्रता एवं सशक्तिकरण को प्रोत्साहन देने के लिए स्वयं सहायता समूहों का गठन भी किया गया है। नारियल, गूगल धूप और नास्ता जैसे स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए गांव में विभिन्न स्थानों पर हाट शुरू किए गए हैं।

वडोदरा के समा क्षेत्र में जल निकासी के लिए बरसाती नाले के काम में देरी पर विवाद

वडोदरा, 27 सितंबर

वडोदरा समा क्षेत्र में पिछले कुछ समय से वर्षा जल निकासी के कार्य उपलब्ध कराए गए हैं, लेकिन इनके पूरा नहीं होने पर विवाद हो गया है.

वडोदरा सामा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में बार-बारबारिश का पानी भर जाने के कारण नगर पालिका द्वारा 1600 मिमी व्यास की लाइन बिछाने की तूफान सीवर परियोजना का काम11महीने की अवधि के लिए ठेकेदार को दिया गया था, लेकिन ठेकेदार द्वारा इसे अभी तक पूरा नहीं किया गया है।मानसून सीजन को छोड़कर15महीनों में। काम पूरा करने की समयसीमा खत्म होने में अब सिर्फआठ महीने बचे हैं. हालांकि, अभी भी ऐसे कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं कि काम समय पर पूरा हो पाएगा. इस प्रकार सीएमसी अधिकारी या ठेकेदार समय सीमा बढ़ाने में सफल नहीं है और निविदा खंड के अनुसार 0.50 प्रतिशत की तरलता क्षति का आरोप लगाकर जानबूझकर काम में देरी कर रहा है, ऐसा शहर कोंगी के महासचिव पप्पूभाई ने कहा। यदि नगर पालिका द्वारा ठेकेदार के माध्यम से शुरू किया गया कार्य निर्धारित समय में पूरा नहीं हुआ तो गांधीजी इंडिया के माध्यम से कांग्रेस द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी वर्षा घटक के एकाधिकारकर्ता सहित अधिकारियों की होगी, ऐसा कांगोवासियों ने कहा महामन्त्री पप्पूभाई ने नगर निगम आयुक्त को दी गई याचिका में कहा।

सूरत में 700 संपत्तियों को तोड़फोड़ का नोटिस जारी, कलेक्टर कार्यालय में मचा हंगामा

सूरत,27 सितंबर

सूरत नगर निगम ने विध्वंस नोटिस जारी किया: सूरत नगर निगम ने शहर के कटारगाम क्षेत्र में स्थित 700 संपत्तियों के लिए विध्वंस नोटिस जारी किया है। जिससे वर्षों से रह रहे संपत्ति मालिकों को परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने आज सिस्टम के फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया. करीब 500 लोगों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रस्तुति दी।

सूरत नगर निगम ने नोटिस जारी कर कहा है कि कटारगाम इलाकों में पुराने पुलिस स्टेशन से लेकर सिंगनपोर चार रोड तक की लगभग 700 संपत्तियों पर दबाव डाला जा रहा है और विध्वंस कार्य करने के लिए संपत्ति खाली करने को कहा गया है।

प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था, '30 साल पहले जब इसका निर्माण हुआ था तो नगर पालिका ने ध्यान नहीं दिया था. प्रधानमंत्री घर-घर देते हैं और स्थानीय व्यवस्था बेघर बनाती है। हमें घर से क्यों निकाला जा रहा है? इस क्षेत्र में सभी लोग मजदूरी करके अपनी जीविकोपार्जन करते हैं। हम छोटे लोग हैं, अगर हमें यहां से निकाल दिया जाएगा तो कहां जाएंगे?'

कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने हाथों में विभिन्न ग्रंथों के बैनर लेकर अपनी बात रखी. बैनरों में लिखा था, 'पहले घर दो, फिर बेघर करो, तोड़ना है तो मुआवजा दो, आम लोगों को भटकने से रोको...'

घरेलू हिंसा के कारण आत्महत्या करने की सोच रही परनीता की मदद के लिए वडोदरा अभयम की टीम पहुंची

वडोदरा ,27 सितंबर

वडोदरा के गोरवा इलाके में रहने वाली दो बच्चों वाली एक पत्नी अपने पति की प्रताड़ना से छुटकारा पाने के लिए आत्महत्या करने की सोच रही थी, लेकिन दोनों बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित थी। सहारा न मिलने या न रहने की स्थिति से निजात पाने के लिए 181 महिलाओं ने हेल्पलाइन से मदद मांगी। अभयम टीम ने पति को सामाजिक एवं कानूनी जिम्मेदारी तथा पत्नी को परेशान करने पर सजा के प्रावधान से अवगत कराया तो उसने माफी मांगी और आश्वस्त किया कि दोबारा पत्नी को कोई परेशान नहीं करेगा। पत्नी ने पति की प्रताड़ना से मुक्ति दिलाने के लिए अभयम टीम को धन्यवाद दिया.

जानकारीकेमुताबिक, अंजनाबेन की शादी सामाजिक रीति-रिवाज से हुई थी, शादी के सात साल के दौरान वहदो बच्चों की मां बन गईं। पति अक्सर उसके साथ दुर्व्यवहार करता था और जबरन शारीरिक संबंध बनाने से रोकता था, लेकिन बच्चों के भविष्य की चिंता में वह लंबे समय तक यह अत्याचार सहती रही। उसे एक सहेली ने बताया कि उसे अभयम को सूचित करने का साहस करना चाहिए।

अभयम टीम ने पति से ऐसी हरकतें नकरने का आग्रह किया और बच्चों सहित पत्नी के साथ सुखी वैवाहिकजीवनजीने के लिए समझाया। पति ने अपनी गलती मानी और वादा किया किवहअबसे अपनी पत्नी को किसीभी तरह से परेशान नहीं करेगा।

ऑटो में सवार 21 वर्षीय युवक अचानक हुआ बेहोश,डॉक्टर ने मृत घोषित किया

सूरत (ईएमएस) शहर के अडाजन क्षेत्र से ऑटो रिक्शा में सवार होकर वराछा की ओर जा रहे 21 वर्षीय युवक रास्ते में अचानक बेहोश हो गया।ऑटो ड्राइवर ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक युवक आर्किटेक्चर स्टूडेंट था।जिवान बेटे की मौत से परिवार में शोक व्याप्त है।जानकारी के मुताबिक सूरत में वराछा के हीराबाग क्षेत्र की नर्मदनगर सोसायटी निवासी 21 वर्षीय मिलाप विशालभाई पटेल बीते दिन शहर के अडाजन स्थित भूलका भवन से ऑटो रिक्शा में सवार होकर अपने घर की ओर रवाना हुआ था। रास्ते में दीपा कॉम्प्लेक्स के निकट मिलाप पटेल अचानक बेहोश हो गया।जिसके बाद ऑटो ड्राइवर तुरंत मिलाप पटेल को लेकर अस्पताल पहुंचा।जहां मौजूद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।फिलहाल युवक की मौत की असली वजह का पता नहीं चला है।रांदेर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवाया है और उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण सामने आएगा। फिलहाल रांदेर पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

लगातार अनुपस्थित रहनेवाले वडोदरा तहसील पंचायत के सदस्य की सदस्यता रद्द

वडोदरा (ईएमएस) वडोदरा तालुका पंचायत में लगातार अनुपस्थित रहने वाले एक सदस्य की सदस्यता रद्द कर दी गई।पंचायत अधिनियम के नियमों के अनुसार की गई इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया है। इस कार्रवाई के बाद अब कोई भी सदस्य अनुपस्थित रहने से पहले 10 बार सोचेगा।हालांकि निष्कासित सदस्य ने कहा कि वह अब कानूनी लड़ाई लड़ेगा।दरअसल वडोदरा तालुका पंचायत की आज विशेष आम बैठक आयोजित की गई। जिसमें विकास कार्यों को पेश करने और मंजूरी देने के साथ ही लगातार अनुपस्थित रहने वाले सदस्य के खिलाफ सख्त कार्रवाई पर चर्चा की गई है। वडोदरा तालुका पंचायत की अध्यक्ष अंकिता परमार ने इस संदर्भ में बताया कि नंदेसरी निवासी राजेंद्रसिंह गोहिल लगातार चार आम बैठकों में अनुपस्थित रहे हैं। इसलिए गुजरात पंचायत अधिनियम के प्रावधान के अनुसार उनकी सदस्यता रद्द कर दी गई है। यह कार्रवाई किसी राजनीतिक द्वेष से नहीं की गई, बल्कि पंचायत अधिनियम के तहत की गई है। राजेंद्रसिंह गोहिल ने कहा कि नेताओं की मिलीभगत से मेरे साथ ऐसा किया गया है।इस संदर्भ में जो भी कार्रवाई होगी वह मैं करूंगा।टीडीओ वी. के. प्रजापति ने कहा कि इसके बाद नंदेसरी तालुका पंचायत के सदस्य लगातार चार सामान्य सभा बैठकों से अनुपस्थित रहे। उनके विरुद्ध लिये जाने वाले निर्णयों पर चर्चा कर उनकी सदस्यता रद्द करने का फैसला किया गया।तालुका पंचायत कार्यालय ने इस संबंध में रिकॉर्ड का सत्यापन किया है। इस बीच उन्होंने कोई लिखित या मौखिक प्रतिवेदन नहीं दिया है।इसके बाद पंचायत की ओर से उन्हें लिखित आवेदन देने की सूचना दी गई।उसमें भी उन्होंने कोई जानकारी नहीं दी।

वक्फ बिल संशोधन मुद्दे पर JPC की बैठक में ओवैसी-संघवी के बीच झड़प

अहमदाबाद, 27 सितंबर

वक्फ बोर्ड मुद्दे पर जेपीसी की बैठक अहमदाबादमें बुलाई गई. वक्फ संशोधन विधेयकके लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति गुजरात दौरे पर है. इस बैठक में **AIMIM** नेता औवेसी और गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी के बीचविवाद हो गया. दोनों के बीच हुई जुबानी जंग आज चर्चा का विषय बन गई. लेकिन ओवैसी और सांघवी केबीच इस जुबानी हमले की वजह क्या थी? आइए जानते हैं क्या है ये एश्ण ऑफिस विवाद.

जिस इमारत को लेकर कमेटी में विवाद था, उस इमारत के 72 साल के अब्दुल्ला जारुल्लाह नाम के शख्स ने इसे वक्फ घोषित करने के लिए गुजरात बोर्ड में आवेदन किया था. दरअसल, सूरत में एक मुगल सराय इमारत है, जिसके अंदर सूरत नगर निगम का कार्यालय स्थित है। जिसे वक्फ संपत्ति के रूप में लागू किया गया था। करीब 5 साल की अवधि के बाद वक्फ बोर्ड ने याचिकाकर्ता और एसएमसी की दलीलें सुनने के बाद इमारत को वक्फ कर दिया।

हालाँकि, जैसे ही वक्फ बोर्ड का फैसला आया, एसएमसी ने वक्फ बोर्ड के फैसले को गुजरात वक्फ ट्रिब्यूनल के समक्ष चुनौती दी, जिसे ट्रिब्यूनल ने अनुमति दे दी। ट्रिब्यूनल ने 3 अप्रैल 2024 को एसएमसी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए वक्फ बोर्ड के फैसले को रद्द कर दिया, इस प्रकार, इमारत एसएमसी में निहित हो गई।

नवरात्रि पर बारिश के पूर्वानुमान ने गरबा आयोजकों और खेलने वालों की बढ़ाई चिंता

अहमदाबाद (ईएमएस) शारदीय नवरात्रि के आडे गिनती के दिन रह गए हैं और गुजरात में बदले मौसम ने गरबा आयोजकों और गरबा खेलने वाले खासक युवक-युवतियों की चिंता बढ़ा दी है।गुजरात शारदीय नवरात्रि पर बड़े पैमाने पर गरबा का आयोजन किया जाता है, जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होते हैं।नवरात्रि के आरंभ होने से कई दिन पहले गरबा स्थल पर तैयारियां शुरू हो जाती हैं। लेकिन गुजरात में पिछले तीन दिन से हो रही बारिश के कारण ज्यादातर ग्राउंड भीग गए हैं।बारिश के कारण ग्राउंड में लेवलिंग नहीं होने और नवरात्रि के दौरान बारिश के पूर्वानुमान ने गरबा आयोजकों और खेलनेवालों की चिंता बढ़ा दी है।हांलाकि फिलहाल नवरात्रि के दौरान छुटपुट बारिश का पूर्वानुमान है, लेकिन अगर कहीं मूसलाधार बारिश हुई तो गरबा के आयोजन पर किया गया लाखों रुपए खर्च पर पानी फिर जाएगा। इतना ही नहीं उन युवक-युवतियों को भी नुकसान जिन्होंने नवरात्रि के लिए गरबा प्रेक्टिस और पारंपरिक वेशभूषा पर काफी खर्च किए हैं। नवरात्रि पर मौसम कैसा रहेगा ये तो आनेवाले दिनों में ही पता चलेगा। फिलहाल मौसम विभाग का कहना है कि दो सिस्टम सक्रिय होने से राज्य में बरसाती माहौल है।इस कारण नवरात्रि के दौरान सौराष्ट्र के अलावा अन्य जिलों में छुटपुट बारिश की संभावना है।दूसरी ओर मौसम के जानकार अंबालाल पटेल के मुताबिक नवरात्रि में बारिश होगी और हवा भी तेज चलेगी।3 अक्टूबर को समुद्र में एक सिस्टम बनेगी, जिसकी वजह से नवरात्रि के दौरान भारी बारिश हो सकती है।हांलाकि नवरात्रि के शुरुआती दिनों में बारिश की संभावना नहीं है।अंबालाल पटेल ने दो दिन दक्षिण गुजरात में भारी से अतिभारी बारिश की भविष्यवाणी की है।नवरात्रि में हवा तेज चलेगी।खासकर तटीय इलाकों में हवा की गति काफी होगी।10 से 14 अक्टूबर के दौरान चक्रवात की भी संभावना है।

गुजरात कांग्रेस की वडोदरा शहर के पानी का पूरा रास्ता विश्वामित्री तक खोलने और ग्रीन जोन बहाल करने की मांग की

अहमदाबाद (ईएमएस) वडोदरा में आज देर से ही सही गुजरात सरकार और वडोदरा नगर निगम ने स्वीकार किया है कि अवैध इमारतें विश्वामित्री नदी में बहने वाले शहर के पानी को रोक रही हैं। हांलाकि सरकार और वडोदरा नगर निगम को कुछ चुनिंदा जगहों पर ही तोड़फोड़ से संतोष मानना उचित नहीं होगा।वडोदरा के नागरिक और विशेषज्ञ मानते हैं कि पूरा अगोरा मॉल अवैध है और ऐसे में केवल क्लब हाउस को ध्वस्त कर खुश होने की जरूरत नहीं है। वडोदरा शहर का पानी विश्वामित्री नदी में ही जाता था, लेकिन अवैध इमारतों ने इसका रास्ता बंद कर दिया।यह किसी भी स्थिति में उचित नहीं है कि वडोदरा शहर के जल निकासी के लिए ग्रीन जोन को भ्रष्टाचार द्वारा जोन बदल दिया गया है और बड़ी-बड़ी कंक्रीट की इमारतें खड़ी कर दी गई हैं। आज जो तोड़फोड़ की जा रही है उससे साफ है कि सिस्टम ने मान लिया है कि वडोदरा शहर के पानी को विश्वामित्री नदी में जाने से अवैध निर्माण रोक रहे थे। अगर ऐसा है तो फिर ये निर्माण पहले क्यों नहीं तोड़े गए? इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर क्या कार्रवाई होगी? उन पदाधिकारियों और अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मामला क्यों नहीं दर्ज किया जाए जिन्होंने भ्रष्ट तरीके से ऐसी इमारतों को खड़ा करने की अनुमति दी और वडोदरा शहर के लोगों को हुई परेशानी के लिए जिम्मेदार हैं? जब वडोदरा के नागरिकों ने लोकतांत्रिक तरीके से अपनी ताकत दिखाई और भाजपा पदाधिकारियों, विधायकों और कार्यकर्ताओं का बड़े पैमाने पर बहिष्कार किया, तो केवल दिखावे के लिए तोड़फोड़ से शहरवासियों के गुस्से को शांत करना मुमकीन नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शक्तिसिंह गोहिल ने मांग की है कि वडोदरा शहर का पानी विश्वामित्री तक जाने का पूरा रास्ता खोला जाए और ग्रीन जोन बहाल किया जाए।

GPSC कक्षा 1-2 मुख्य परीक्षा की तारीख घोषित

गांधीनगर, 27 सितंबर

गुजरात लोक सेवा आयोग ने जीपीएससी कक्षा 1-2 के कुल 293 पदों के लिए भर्ती मुख्य परीक्षा की तारीख जारी की। जीपीएससी के तहत विभिन्न पदों के लिए होने वाली परीक्षा के लिए अभ्यर्थी अगले महीने से कॉल लेटर डाउनलोड कर सकेंगे। यह घोषणा की गई है कि अधिकांश परीक्षाएं अक्टूबर के अंत तक पूरी हो जाएंगी।

जीपीएससी विज्ञापन संख्या 47/2023-24 में गुजरात प्रशासनिक सेवा वर्ग1,गुजरात सिविल सेवावर्ग1-2औरनगर मुख्य अधिकारी वर्ग 2 ने मिलकर कुल 293 पदों की घोषणा की। प्रीलिम्स परीक्षा के नतीजे आने के बाद मुख्य परीक्षा 20 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी. जिसका समय दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा. इस भर्ती का कॉल लेटर 7 अक्टूबर सेडाउनलोडकिया जा सकता है। परीक्षा अहमदाबाद और गांधीनगर में आयोजित की जाएगी. विज्ञापन के बारे मेंअधिक जानकारी जीपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

जीपीएससी कक्षा 1-2 मुख्य परीक्षा तिथि घोषित, कॉल लेटर 2 - छवि इस दिन से डाउनलोड की जाएगी

कक्षा 1के अंतर्गत पोस्ट: गुजरात प्रशासनिक सेवा (जूनियर स्केल)-कुलरिक्ति05,पुलिस उपा धीक्षक (गैर-सशस्त्र)-कुल रिक्ति 26, जिलारजिस्ट्रार(सहकारी समितियां)-कुलरिक्ति 02,उपनिदेशक (विकास शीलजातियां)-कुलरिक्ति 01,क्लास 1 के कुल 34 पदों पर भर्ती,

जीपीएससी कक्षा 1-2 मुख्य परीक्षा तिथि घोषित, कॉल लेटर 3 - छवि इस दिन से डाउनलोड की जाएगी।

कक्षा2केअंतर्गतपरिसर :सहायक जिला रजिस्ट्रार (सहकारी समितियां) - कुल रिक्ति98, अनुभाग अधिकारी (सचिवालय)-कुल रिक्ति 25 ,अनुभाग अधिकारी (विधानसभा)-कुल रिक्ति 02,जिला निरीक्षक भूमि कार्यालय-कुल स्थान 08, नगरमुख्य अधि कारी-कुल रिक्ति 04, सरकारी श्रम अधिकारी- कुल रिक्तियां 28, समाज कल्याणअधिकारी-(ए.जे.के.) कुल रिक्ति 04, राज्य राजस्व अधिकारी-कुलरिक्ति67, मामला तदार-कुल रिक्ति12,तालुक विकास अधिकारी-कुल रिक्ति 11,क्लास 2 के तहत कुल 259 पदों पर भर्ती

दाहोद में छात्रा की हत्या की घटना को लेकर एनएसयूआई ने हर्ष संघवी का इस्तीफा मांगा

अहमदाबाद (ईएमएस) दाहोद के सिंगवड की प्राथमिक स्कूल में प्रिंसिपल द्वारा 6 साल की मासूम छात्रा के साथ दुष्कर्म की कोशिश के बाद उसकी हत्या की घटना को लेकर बीते दिन गुजरात कांग्रेस ने अहमदाबाद में गुजरात कांग्रेस ने न्याय पदयात्रा निकाली थी।आज एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने अहमदाबाद में गुजरात यूनिवर्सिटी पर उग्र प्रदर्शन किया और गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी के इस्तीफे की मांग की।साथ ही कक्षा 1 की छात्रा की हत्या करने वाले स्कूल के आचार्य को फांसी देने की भी मांग की। एनएसयूआई ने सीधा आरोप लगाया कि भाजपा के शासन में उसके करीबी और कार्यकर्ता राज्य की मासूम बेटियों पर अत्याचार कर रहे हैं और सरकार मूकदर्शक बन तमाशा देख रही है, जो कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।यूनिवर्सिटी पर प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने कहा कि राज्य के शैक्षिक संस्थानों में आए दिन बेटियों पर अत्याचार की घटनाएं सामने आ रही हैं और कानून व्यवस्था बद से बद्तर होती जा रही है।ऐसी स्थिति में हर्ष संघवी को गृह राज्यमंत्री के पद पर रहने का कोई हक नहीं है। बेहतर होगा को हर्ष संघवी तुरंत गृह राज्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।बता दें कि दाहोद की सिंगवड स्थित प्राथमिक शाला में कक्षा 1 में पढ़ने वाली 6 साल छात्रा की लाश मिली थी।जांच में खुलासा हुआ कि प्राथमिक स्कूल के आचार्य ने मासूम छात्रा के साथ पहले दुष्कर्म करने की कोशिश की और बाद में उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी थी।बीते दिन इस घटना को लेकर गुजरात कांग्रेस ने अहमदाबाद स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय राजीव गांधी भवन से स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा तक न्याय पदयात्रा निकाली थी।आज उसी घटना को लेकर एनएसयूआई ने गुजरात यूनिवर्सिटी पर जोरदार प्रदर्शन कर गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी का इस्तीफा और प्राथमिक स्कूल के आचार्य को फांसी की सजा देने की मांग की।

गरीबों के सशक्तिकरण का जन अभियान बन गए हैं गरीब कल्याण मेले : मुख्यमंत्री

बनासकांठा (ईएमएस) मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि गरीब कल्याण ेले गरीबों को मिलने योग्यसहायताप्रदानकरउनके सशक्तिकरण का जन अभियान बन गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा और मार्गदर्शन में गुजरात में गरीबों की सेवा के यज्ञ के रूप में 2009-10सेशुरू हुए गरीब कल्याण मेले के14वेंसंस्करणकाराज्यव्यापी शुभारंभ मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को बनास कांठा जिले के डीसा शहर से कराया। उन्होंने कहा कि यह गरीब कल्याण मेले राज्य के गरीब वर्गों और दूरदराज के इलाकों में रहने वाले वंचितों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हाथोंहाथ पहुंचाने का सफल माध्यम बन गए हैं। मुख्यमंत्री ने डीसा में आयोजित गरीब कल्याण मेले में एक ही दिन में, एक ही स्थल से 11हजार से अधिक गरीब लाभार्थियों को 45करोड़ रुपए की सहायता-लाभों का वितरण किया। राज्य के 33 जिलों में भी मंत्रियों की मौजूदगी में शुरूहुए गरीब कल्याण मेले के 14वें संस्करण में कुल मिलाकर 1 लाख 734 लाभार्थियों को कुल 318 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता के लाभ वितरित किए गए। गरीब कल्याण मेले के 14वें संस्करण के जरिए लगभग 12 लाख से अधिक गरीबों को 4568 करोड़ रुपए के लाभ प्रदान किए जाएंगे। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में देश में गरीब कल्याण का एक नया अध्याय शुरू हुआ है। गरीबों का आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण कैसे हो सकता है, इसका उत्तम उदाहरण उन्होंने देश और दुनिया को दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, पीएम स्वनिधि योजना और पीएम जन धन योजना जैसी योजनाओं से गरीबों का आर्थिक रूप से सशक्तिकरण हुआ है। इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, आयुष्मान भारत (पीएम-जय) और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाएं वंचितों और गरीबों के सामाजिक सशक्तिकरण के लिए उपयोगी बनी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'ज्ञान' (जीवाईएएन) अर्थात गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति रूपी चार स्तंभों को विकसित भारत के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण बताया है।

वडोदरा को डुबाने वाले एगोरा मॉल के अवैध दबावों पर चला बुलडोजर

वडोदरा, 27 सितंबर

इससालबाढ़के प्रकोप से वडोदरा बुरी तरह प्रभावित हुआ, कथित तौर पर विश्वामित्री नदी पर दबाव के कारण नदी का पानी शहर में प्रवेश कर गया। हालांकि, अब वडोदरा में बाढ़ आपदा के बाद नदी पर बने दबाव पर बुलडोजर चल गया है.

विश्वामित्री केतट पर एगोरा मॉल के क्लब हाउस पर दबाव कम करने के लिएनिगमने काम शुरू कर दिया है। निगम की प्रेशर विंग 6 जेसीबी, अधिकारीऔरपुलिस समेत 25 कर्मियों के काफिले के साथ काम कर रही है.

प्राप्तजानकारीकेअनुसार, वडोदरा में विश्वामित्रीनदी के किनारे एगोरा मॉलके क्लब हाउस पर दबाव तोड़ने के लिएनिगमने काम शुरू कर दिया है। आज वडोदरा निगम की दबाव शाखा6जेसीबी,अधिकारी और पुलिस सहित25कर्मियों के काफिले के साथ काम कर रही है। साथ ही इस ऑपरेशन के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए एहतियात के तौर पर कड़ी पुलिस व्यवस्था की व्यवस्था की गई है.

आज सुबह दबाव शाखा की टीम